वर्ष- 21 अंक - 246 cityblastindore@gmail.com RNI NO. MPHIN/2005/15582 fb.com/cityblastindore मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, गुरुवार 19 फरवरी 2026



## सीमा हैदर ने दिया छठे बच्चे को जन्म

**ग्रेटर नोएडा.एजेंसी।** पाकिस्तान से चार बच्चों के साथ भारत आई सीमा हैदर ने अब एक और बच्चे को जन्म दिया है। सीमा हैदर 6ठे बच्चे की मां बन गई है। 6ठा बच्चा पैदा होने की खुशी में 'हिंदू रक्षा दल' मां सीमा हैदर और पिता सचिन मीणा को सम्मानित करेगा।

## लाल किले के पास घूम रहा कश्मीरी युवक गिरफ्तार

**नई दिल्ली.एजेंसी।** दिल्ली के लाल किले के पास जम्मू-कश्मीर नंबर प्लेट वाली कार की जांच के दौरान पुलवामा के रहने वाले मुदस्सिर अहमद मीर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी खुद को एनआईए अधिकारी बताकर घूम रहा था और फर्जी आई कार्ड दिखा रहा था। पूछताछ में सामने आया कि वह कश्मीरी युवाओं को नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करता था।

## चांदी फिर उछली

**गुरुवार.एजेंसी।** आज चांदी की कीमत 14,667 रुपए चढ़कर 2.43 लाख रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई। वहीं सोने का भाव 4,282 रुपए चढ़कर 1.55 लाख प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया।

## नहर में पलटी कार 4 युवकों की मौत

**मथुरा.एजेंसी।** मथुरा के थाना मगोर्रा इलाके में नगला दैवीया के पास तेज रफ्तार मारुति सुजुकी फ्रॉन्क्स कार अनियंत्रित होकर नहर में पलट गई। इस हादसे में कार सवार चार युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में तीन युवक एक ही परिवार के थे।

# एआई समिट से पीछे हटे बिल गेट्स

### आज औपचारिक उद्घाटन मोदी का संबोधन




नई दिल्ली ● एजेंसी

दिल्ली के भारत मंडपम में हो रहे 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' का औपचारिक उद्घाटन आज होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उद्घाटन सत्र में संबोधन देंगे, जिसमें वे जिम्मेदार, समावेशी और 'सॉवरेन एआई' के विजन पर भारत की प्राथमिकताओं को रेखांकित करेंगे। उद्घाटन समारोह में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस भी शामिल होंगे, जो इस आयोजन की अंतरराष्ट्रीय अहमियत को दर्शाता है। एपस्टीन केस की फाइलों में नाम आने पर बिल गेट्स एआई समिट से पीछे हट गए। उनकी जगह अब गेट्स फाउंडेशन के अंकुर वोरा स्पीच देंगे। एआई समिट में भारत को विदेशी कंपनियों से ढेरों इनवेस्टमेंट मिले हैं और चार मेगा डील हुई है।

## अमेरिकी हमले के डर से किलाबंदी में जुटा ईरान!

**तेहरान.एजेंसी।** इंस्टीट्यूट फॉर साइंस एंड इंटरनेशनल सिक्योरिटी के नए सैटेलाइट एनालिसिस के मुताबिक, ईरान अपने जरूरी न्यूक्लियर ठिकानों को तेजी से कंक्रीट और मिट्टी के नीचे छिपाने में जुटा है। उन्हें मजबूत बंकरों में तब्दील किया जा रहा है ताकि अमेरिकी द्वारा किसी भी तरह के हवाई हमलों से इन्हें बचाया जा सके। बताया जाता है कि अमेरिका 22 फरवरी तक ईरान पर हमला कर सकता है। इसके लिए अमेरिका लगातार हथियार भेज रहा है।

## बेमौसम बारिश और ठंडी हवाओं से लौटी ठंड

**गुरुवार.एजेंसी।** इंदौर में कल रात को साढ़े 12 बजे अचानक तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश हुई। सुबह 6 बजे भी बूंदाबांदी हुई। रातभर और सुबह-सुबह ठंडी हवाओं का दौर जारी रहा जिससे इंदौर फिर ठंड की चपेट में आ गया। इंदौर के अलावा भोपाल, सीहोर, उज्जैन, रायसेन में भी बारिश हुई और ओले भी गिरे। राजस्थान में भी बारिश के साथ ओले गिरे। जबकि उत्तराखंड में बर्फबारी हुई।

## इंडिया ब्लॉक की लीडरशिप में रोटेशन सिस्टम की मांग

**गुरुवार.एजेंसी।** विपक्षी इंडिया ब्लॉक में नेतृत्व का जिन्न फिर बोतल से बाहर निकल आया है। उद्धव ठाकरे की शिवसेना ने कहा कि इंडिया ब्लॉक का नेतृत्व कौन संभालेगा यह तय होना चाहिए। ममता की पार्टी ने भी इसका समर्थन किया। अब कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने कहा कि गठबंधन का नेतृत्व रोटेशन के आधार पर बदलना चाहिए।

## ऑस्ट्रेलिया में भारतीय सिख युवक पर नस्लीय हमला, नाक तोड़ी



मेलबर्न ● एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया में एंटी इमिग्रेशन प्रोटेस्ट के महीनों बाद भी भारतीय प्रवासियों पर लगातार हमले जारी हैं। हाल ही में मेलबर्न के जिलॉन्ग में एक नस्लीय हमला सामने आया, जिसमें 22 वर्षीय सिख की नाक टूट गई। ये घटना कोरियो के एक जिम में हुई। पीड़ित हरमनप्रीत सिंह ने बताया कि 3 लोगों ने उन्हें कुत्ता कहा और वापस भारत जाने की बात कही। इसी दौरान एक शख्स ने उसकी नाक पर मुक्का मारा जिससे खून बहने लगा।

## शिवनेरी किले में भगदड़ 20 से ज्यादा घायल

**पुणे.एजेंसी।** महाराष्ट्र में पुणे जिले के जुन्नर तालुका में स्थित शिवनेरी किला पर शिवाजी महाराज की जयंती के मौके पर बुधवार रात से ही भारी भीड़ जमा होने के कारण भगदड़ जैसे हालात बन गए। राज्यभर से शिवज्योत लेकर पहुंचे युवक, विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता और दर्शनार्थी बड़ी संख्या में किले के परिसर में मौजूद थे। पर्याप्त पुलिस सुरक्षा न होने से हाथी दरवाजा और गणेश दरवाजा जैसे संकरे रास्तों पर भीड़ अनियंत्रित हो गई और भगदड़ मच गई जिससे महिलाएं और बच्चों सहित 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए।



## क्रिकेट मैच के बीच में मधुमक्खियों का हमला अंपायर की मौत

**उन्नाव.एजेंसी।** उन्नाव के शुक्लागंज स्थित सप्रू स्टेडियम में अंडर-13 क्रिकेट मैच के दौरान मधुमक्खियों के हमले में 65 वर्षीय अंपायर मानिक गुप्ता की मौत हो गई। वे कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन से जुड़े थे। हमले में दूसरे अंपायर और कई खिलाड़ी भी घायल हुए हैं। घायलों का इलाज कानपुर के हैलेट अस्पताल में चल रहा है।

## पैपराजी पर फिर भड़कीं जया बच्चन

**मुंबई.एजेंसी।** बीती रात मुंबई में एक इवेंट के दौरान जया बच्चन फिर पैपराजी पर भड़क गईं। जब पैपराजी जया बच्चन का फोटो खींचने लगे तो पहले तो जया बच्चन ने कैमरा देखकर मुंह फेर लिया और बाद में अंगुली भी दिखाई। इस दौरान फिल्मी निर्माता करण जौहर भी साथ थे जिन्होंने माहौल को हल्का करने का प्रयास किया।

## अकेले लड़ेगी बसपा

**लखनऊ.एजेंसी।** बसपा प्रमुख मायावती ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 में पार्टी के अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। उन्होंने सभी गठबंधन चर्चाओं को गलत और बेबुनियाद बताया है।

## फिर टैरिफ लगाएंगे ट्रंप

**वॉशिंगटन.एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत पर भारी टैरिफ लगाने की तैयारी कर रहे हैं। अमेरिकी सांसद ब्रैड शर्मन ने इस कदम की आलोचना करते हुए इसे अनुचित बताया है। उन्होंने तर्क दिया कि रूस से तेल खरीदने के बहाने केवल भारत को निशाना बनाया जा रहा है, जबकि अन्य देश इससे बचे हुए हैं।




त्वं जीव शतं वर्धमानः
शिक्षाविद भाजपा नेता
स्वप्निल कोठारी जी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई
टीम स्वप्निल कोठारी
मोहित वर्मा * नवीन वर्मा * विकास अवस्थी * अनीता संदीप कुन्हारे * रूपेश देवलिया * विनोद कुशवाह * दीपचंद पंचोली
महेश जोशी * पुष्पेंद्र पाटीदार * जितेंद्र दवाने * महेश बसवाल * अमित शिवहरे * नीतेश जैन * रवि तोमर * कांतिलाल लोधवाल
अमित रघुवंशी * सचिन जैन * हर्ष मेहता (एड.) * हितेश पालीवाल * अनुपम माहेश्वरी * अनुराग पंड्या * आशीष सालवी
बधाईकर्ता : लक्ष्मीनारायण मिमरोट एवं दिनेश पाण्डे मित्र मंडल

# कांग्रेस पदाधिकारियों की सूची अंतिम समय में ही पहुंचेगी

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। कांग्रेस हो या भाजपा दोनों ही दलों के मामले में राजनीतिक हस्तक्षेप इंदौर में ज्यादा होता है। शहर कांग्रेस पदाधिकारियों की 50 कांग्रेसियों की सूची चिंटू चौकसे द्वारा भोपाल भेजी जाना है। चौकसे ने दावा किया था कि रविवार या सोमवार तक यह सूची भोपाल भेज दी जाएगी, लेकिन वरिष्ठों के फू-फा करने पर सूची रूकी पड़ी है। सूत्रों का कहना है कि दो-तीन नामों को लेकर पेंच फंसे हुए हैं। बताया जा रहा है कि सूची अंतिम दिन 21 फरवरी को ही भोपाल पहुंचेगी। बताया तो यह भी जा रहा है कि राऊ विधानसभा में सारे नाम जीतू पटवारी ने ही दिए हैं। पहले से चार ब्लॉक अध्यक्षों का मामला लम्बित पड़ा है, इधर मंडलम अध्यक्षों की सूची भी इस माह फरवरी तक क्लीयर होते नजर नहीं आ रही है। ब्लॉक अध्यक्ष जहां बन गए हैं वहां के पदाधिकारियों की सूची भी नहीं बन पाई है। कांग्रेस कब मंडलम और बूथ पर पदाधिकारी बनाएगी और उसके बाद नीचे की इकाई कब बनेगी, इसे लेकर कांग्रेसियों में कई तरह की बाते सोशल मीडिया पर हो रही है। कांग्रेसी कह रहे हैं कि निगम चुनाव को डेढ़ साल भी नहीं बचा है और कांग्रेसी कब तैयारी करेंगे। कब अपनी टीम बूथ स्तर पर तैयार करेंगे।

# पार्षदपति दे रहे हैं वार्ड के घर-घर में सुबह से दस्तक

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। वार्ड 18 की पार्षद सोनाली विज्जू परमार द्वारा वार्ड में विकास का कार्य कराया जा रहा है और पति विज्जू परमार सुबह 6 बजे से हाजिरी पाइंट पहुंचकर नर्मदा लाइन की सप्लाय शुरू करवाते हैं और उसके बाद कर्मचारियों के साथ बेकलाइन से लेकर अन्य सफाई व्यवस्था देखते हैं। इस दौरान घर-घर लोगों से नर्मदा जल से लेकर सफाई, ड्रेनेज और अन्य कार्य की जानकारी भी लेते हैं, समस्या होती है तो हाथोंहाथ हल कराने की जुगत भी करते हैं।



# भाजपा नेता ने उठाए निगम कार्यप्रणाली पर सवाल

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। वरिष्ठ भाजपा नेता जगमोहन वर्मा ने नगर निगम अधिकारियों पर अंगुलियां उठाई और कहा कि उषागंज छावनी स्थित खान बहादुर कंपाउंड वक्फ की दुकानों पर तालेबंदी का निर्णय गलत है और निगम अधिकारी न्यायालय के आदेश की अवहेलना कर रहे हैं। 16 दुकानदारों की रोजीरोटी से खिलवाड़ की जा रही है। 11 फरवरी को दुकानों पर आयुक्त के नाम का हवाला देकर नोटिस चस्पा किए गए थे, जबकि आदेश पर किसी के भी हस्ताक्षर नहीं थे। वर्मा ने बताया कि संपत्ति टैक्स, जलकर एवं अन्य टैक्स आदि की बकाया राशि एक करोड़ 51 लाख 84 हजार 359 रुपए का भुगतान नहीं किया गया है ऐसा कोरे खाली नोटिस में दर्शाया गया है। नोटिस में दर्शायी गई राशि भी गलत है। खान बहादुर ट्रस्ट वक्फ बोर्ड ट्रस्ट के रूप में वक्फ बोर्ड में पंजीकृत है संपत्ति कर,जलकर एवं अन्य करो को निगम में भुगतान करने की पूरी जिम्मेवारी खान बहादुर ट्रस्ट के अध्यक्ष मोईद पठान की है। वक्फ कमेटी के अध्यक्ष मोईद पठान ने न्यायालय (कोर्ट) में वचन पत्र देकर सारे टैक्स भरने का वचन भी दिया है साथ ही यह भी बताया था की खान बहादुर ट्रस्ट वक्फ संपत्ति कर से मुक्त है। वर्मा ने कहा कि दुकानदार निगम का टैक्स भरने के लिए जिम्मेदार नहीं है। टैक्स वसूली के लिए किरायदारों पर तालाबंदी करना ठीक नहीं है। वर्मा ने महापौर पुष्यमित्र भार्गव, निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल से अपील की है कि वे दुकानों के ताले खुलवाए।

## आज कलेक्टर कार्यालय पर शुगर कारखाने मामले पर ज्ञापन

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। मालवा सहकारी शुगर कारखाना बरलाई की जमीन उद्योगपतियों को देने का विरोध लगातार हो रहा है। कल भी जहां सांवेर में धरना प्रदर्शन हुआ वहीं आज जिला कांग्रेस द्वारा अध्यक्ष विपिन वानखेडे के नेतृत्व में प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया जाएगा। इस मामले में मोती सिंह पटेल ने बताया कि देपालपुर विधानसभा के साथ सांवेर, महू, राऊ के अलावा देवास जिले के हजारों अंश धारक किसान इंदौर कलेक्टर कार्यालय पर आकर कलेक्टर के नाम आवेदन देकर अपना विरोध दर्ज कराएंगे सरकार द्वारा किसानों की मांगें नहीं माने जाने तक सतत उग्र आंदोलन करेंगे जिसकी समस्त जवाबदारी शासन प्रशासन की रहेगी। पटेल ने बताया कि इस अवसर पर काग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा कलेक्टर को उद्योगपतियों को दी गई जमीन निरस्त करने, बिना अनुमति के निर्माण कार्य रोके जाने व कानूनी कार्रवाई की जाए। अंशधारक किसान परिवारजन को अंश के अनुपात में जमीन में हिस्सेदारी या उचित मुआवजा दिए जाने की मांगों को लेकर ज्ञापन भी दिया जाएगा।

# कांग्रेस ने दिया शुगर मिल मुद्दे पर धरना



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। बरलाई शुगर मिल से जुड़ी किसानों की भूमि के मुद्दे को लेकर सांवेर एसडीएम कार्यालय के सामने किसानों के साथ कांग्रेसियों ने धरना प्रदर्शन का आयोजन किया। कुछ किसान अर्धनग्न होकर पहुंचे और उन्होने उदबोधन भी दिया। आरोप लगाया गया कि किसानों की लगभग 30 हेक्टेयर भूमि बड़े उद्योगपतियों को दे दी गई है, कुछ जनप्रतिनिधियों पर भी खुले रूप से आरोप लगाए गए। सत्यनारायण पटेल, विपिन वानखेडे, राधेश्याम पटेल, विजय राठौर सहित अन्य मौजूद थे। धरना के बाद ज्ञापन भी दिया गया। 24 फरवरी को राधेश्याम पटेल के नेतृत्व में देपालपुर एवं महू में भी धरना आयोजित किया जाएगा। यदि सरकार ने किसानों की मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो भोपाल और दिल्ली तक भी प्रदर्शन किया जाएगा।

# भार्गव ने स्कूटर से किया वार्ड का दौरा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने विधानसभा चार के वार्ड 84 के द्वारकापुरी उद्यान में पहुंचकर वहां जनता की चौपाल के बीच संवाद किया। संवाद में कई समस्याएं जनता ने बताई। उन्हें हल करने के लिए अधिकारियों को निर्देश भी दिए। झोनल अधिकारी लोकेश शर्मा, पार्षद गुरजीत कौर मौजूद थे। महापौर ने मौजूद जनप्रतिनिधि और जनता के साथ टूव्हीलर पर वार्ड का दौरा किया। क्षेत्र में चल रहे सडक निर्माण, ड्रेनेज कार्य का मुआयना भी किया और ठेकेदार को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। स्पीड ब्रेकर बनाने के भी निर्देश दिए गए। कई अतिक्रमण भी दिखे उनके लिए भी अधिकारियों से चर्चा की। लोगों ने कम प्रेशर से पानी आने की बात भी कही और कुछ लोगों ने कहा कि मोटर से सीधे पानी खीचा जाता है। सब्जी मंडी, मटन मार्केट और ब्रिज के नीचे की जगह को लेकर भी चर्चा की गई।

विधानसभा 4 के वार्ड 84 में जब चौपाल में संवाद चल रहा था, उस समय एक मातृशक्ति ने अच्छी भाषा के अन्दर काफी देर तक उद्बोधन महापौर के समक्ष दिया और कहा कि कार से उतरिए, जनता की तकलीफ को देखिए, एक तरफ निगम कहती है कि कर्जे में हैं, दूसरी तरफ लगे हुए ब्लॉक बेवजह खोदे जाते हैं, गार्डन में काम नहीं होता है और दीवार तोड़ दी जाती है। महिला ने महापौर को यहां तक कहा कि आप आए तो यहां काम हो गए, इस पर महापौर ने कहा कि मेरे आने का प्रभाव तो होना चाहिए, मातृशक्ति ने कहा आपके नाम का ही प्रभाव होना चाहिए, पहले हमारे लक्ष्मणसिंह गौड़ के नाम से ही काम हो जाया करते थे, क्योंकि वह जनता के बीच चलते थे। जनता ने मातृशक्ति के अच्छे उद्बोधन पर तालियां भी बजाई।



***मातृशक्ति ने दिखाया प्रथम पुरुष को आईना कार से उतरिए और देखिए जनता की तकलीफ***



## छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। देश के वीर महापुरुष छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती आज देश-प्रदेश के साथ इंदौर में भी मनाई जा रही है। शिवाजी प्रतिमा पर आज सुबह से अलग-अलग संस्थाओं ने माल्यार्पण किया। मराठा समाजजनों के साथ सांसद शंकर लालवानी, शैलेन्द्र महाजन सहित अन्य राजनेताओं ने भी माल्यार्पण में शिरकत की।



## पूर्व केन्द्रीय मंत्री मालवीय को किया जा रहा है याद

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। पूर्व केन्द्रीय मंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रहे राधाकिशन मालवीय की आज पुण्यतिथि मनाई जा रही है। म.प्र. हरिजन सेवक संघ में आज श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित होगा। बच्चों को भोजन कराने के साथ शिक्षण सामग्री भी वितरित की जाएगी। वहीं दृष्टिहीन केन्द्र सुखलिया पर भी भोजन और सामग्री वितरण का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन से उनके पुत्र राजेन्द्र मालवीय और बेटी संगीता मालवीय के अलावा विशाल मालवीय भी जुड़े हुए हैं।

# क्षत्रिय मराठा सेना ने प्रतिमा पर की आतिशबाजी, सुबह निकली शौर्य रैली



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। क्षत्रिय मराठा नवनिर्माण सेना ने जहां कल शाम से रात तक शिवाजी प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर रोशनी की वहीं आतिशबाजी भी की गई थी। आज सुबह सांई मंदिर लवकुश विहार सुखलिया से शौर्य रैली निकाली गई, वाहनों पर संवार होकर मराठा समाजजन सुखलिया क्षेत्र से शिवाजी प्रतिमा पहुंचे, वहां माल्यार्पण किया। इस दौरान चंद्रकांत कुंजीर, करण कुंजीर, मिलिंद दिघे, राज जाधव, सुनील खंडागले, संदीप खरनाल, रवि खरनाल, श्यामसुंदर शर्मा, मनीष जाधव, नारायण खंडागले, संतोष पवार, अंकुश भोसले, रमेश खेड़े, स्वाति मोहिते, लवली जाधव, निहारिका कुंजोर, गोदावरी मोटवानी, रिया कुंजीर, मिष्टी पवैया, रेखा पवार, रुकमणी शर्मा, गणेश राव सहित अन्य मौजूद थे।

# अंगदान...रात 2 बजे बनाया ग्रीन कॉरिडोर

## दिल को भेजा अहमदाबाद, लिवर-किडनी इंदौर में होंगे ट्रांसप्लांट

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि



**अंगदान के मामले में पूरे देश में सबसे आगे चल रहे इंदौर में कल रात में 2 बजे ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया। इस ग्रीन कॉरिडोर के माध्यम से ब्रेन डेड व्यक्ति के दिल को अहमदाबाद भेजा गया जबकि लिवर-किडनी का इंदौर में ट्रांसप्लांट करने का काम शुरू किया गया।**

विभिन्न घटना दुर्घटना में ब्रेन डेड हुए व्यक्ति के अंगदान करते हुए उसके माध्यम से दूसरे व्यक्तियों को जीवनदान देने की पहल इंदौर में तेजी से चल रही है। पूरे देश में सबसे ज्यादा अंगदान का काम इंदौर में ही हो रहा है। इस कड़ी में कल रात में 2 बजे जब बारिश की फुहार ने विराम लिया था और हवा में ठंडक घुली हुई थी उस समय पर ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया। इंदौर में अंगदान के क्षेत्र में सतत एवं संगठित प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। राज्य शासन की मंशा एवं स्वास्थ्य विभाग के समन्वित मार्गदर्शन में चिकित्सा संस्थानों द्वारा अंगदान को जन-आंदोलन का स्वरूप देने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।

खरगोन के विजय जायसवाल की दुर्घटना के बाद इलाज के दौरान ब्रेनडेड की स्थिति बन गई। ऐसे में जिला प्रशासन के अधिकारियों और संस्था मुस्कान के पदाधिकारी के द्वारा मरीज के परिजनों से काउंसलिंग कर उन्हें अंगदान के लिए सहमत किया गया। मुस्कान संस्था के अनुसार रात को शहर में दो ग्रीन कॉरिडोर बनाये गए। पहला ग्रीन कॉरिडोर रात 10:30 बजे ज्यूपिटर विशेष हॉस्पिटल से देवी अहिल्या एयरपोर्ट इंदौर और दूसरा 10:45 बजे ज्यूपिटर विशेष अस्पताल से टी.चोइथराम हॉस्पिटल के लिए बनाया गया।

15 फरवरी को सुबह रोड एक्सीडेंट के बाद इलाज के लिए विजय जायसवाल ज्यूपिटर हॉस्पिटल में भर्ती किए गए थे। उनकी ब्रेन डेथ की स्थिति पर ट्रीटिंग डॉक्टर डॉ.अंशुल जैन एवं सीनियर इंटेंसिविस्ट डॉ.वरुण देशमुख द्वारा विधान अनुसार मुस्कान ग्रुप के काउंसलर को सूचना जारी की गई।मुस्कान संस्था के सदस्यों ने मृतक के परिजनों से काउंसलिंग की। इसके बाद परिजनों ने साहसिक और परोपकारी निर्णय लेते हुए अंगदान की मंजूरी दी। मृतक की पत्नी श्रीमती आराधना जायसवाल को स्थिति से अवगत कराया गया, जिसके बाद उन्होंने हार्ट, लिवर, दोनों किडनी, पैंक्रियास, लंग्स, इंटेस्टाइन और हार्ट वॉल्व दान करने की सहमति प्रदान की। परिजनों की सहमति के आधार पर चिकित्सकों की टीम द्वारा अंगदान एवं प्रत्यारोपण की प्रक्रिया शुरू की गई।

विजय का हृदय अहमदाबाद, लिवर और एक किडनी ज्यूपिटर विशेष हॉस्पिटल में इलाज करा रहे गम्भीर मरीज को और दूसरी किडनी चोइथराम हॉस्पिटल के मरीज को ट्रांसप्लांट की जाना है।

# शहर के मध्य क्षेत्र में पार्किंग की हालत की समीक्षा

## सड़क पर निकल कर अधिकारियों ने देखी व्यवस्था

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि



**इंदौर नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा आज प्रातः शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से विभिन्न पार्किंग स्थलों का औचक निरीक्षण किया गया।**

सिंघल ने शहर के मध्य स्थित प्रमुख पार्किंग स्थलों का स्थल निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के अंतर्गत सुभाष चौक, खजूरी बाजार, गोपाल मंदिर, नंदलालपुरा एवं महाराजा कॉम्प्लेक्स के पास स्थित पार्किंग स्थलों का अवलोकन किया गया।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त द्वारा प्रत्येक पार्किंग स्थल की वर्तमान वाहन क्षमता, दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों की पृथक-पृथक पार्किंग व्यवस्था, पार्किंग शुल्क वसूली प्रणाली, टिकटिंग व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, सीसीटीवी कैमरों की उपलब्धता तथा साफ-सफाई की स्थिति के संबंध में विस्तृत जानकारी ली गई। उन्होंने निर्देशित किया कि पार्किंग स्थलों पर सुव्यवस्थित मार्किंग की जाए ताकि अधिकतम वाहनों की पार्किंग सुनिश्चित की जा सके एवं अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो। सिंघल ने पार्किंग कार्य में संलग्न एजेंसियों की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए वर्तमान टेंडर प्रक्रिया के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि एजेंसियों द्वारा निर्धारित नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि पार्किंग स्थलों पर डिजिटल भुगतान की सुविधा को बढ़ावा दिया जाए तथा नागरिकों को स्पष्ट सूचना बोर्ड के माध्यम से शुल्क एवं नियमों की जानकारी प्रदर्शित की जाए। अवैध पार्किंग एवं सड़क किनारे खड़े वाहनों पर प्रभावी कार्रवाई करने हेतु यातायात पुलिस के साथ समन्वय स्थापित करने के निर्देश भी दिए गए।

### रात में हुई बारिश का असर...

# सुबह ठण्ड के साथ खिली धूप

## 7 मिलीमीटर हुई बारिश, दुगनी गति से चलने लगी हवा, कई जगह हुई बत्ती गुल

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** कल रात में शहर में 7 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। इस बारिश के साथ ही दुगनी गति से हवा चलने लगी जिसके चलते हुए आज सुबह लोगों को ठंड का एहसास होना शुरू हो गया। हालांकि धूप भी निकली। बारिश के कारण रात में कई क्षेत्रों में बिजली गुल हो गई थी। कल रात में करीब 12 बजे सारे शहर में तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गई। इस बारिश को मावठा गिरना कहते हैं। इस मौसम में पहले भी एक बार मावठा गिर चुका है। पिछले दो दिनों से शहर में लोगों को तेज गर्मी का एहसास होने लगा था। ऐसे में मौसम विभाग द्वारा मौसम के करवट बदलने की घोषणा की गई थी। इस घोषणा के अनुसार कल रात में पूरे शहर में बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार रात में शहर में 7.4 मिली मीटर बारिश दर्ज की गई है। इस बारिश के साथ ही हवा की गति दुगनी हो गई । परसों शहर में 15 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चल रही थी जबकि कल रात में इसकी रफ्तार बढ़कर 33 किलोमीटर प्रति घंटा हो गई। आज सुबह भी हवा की रफ्तार तेज थी जिसके चलते हुए लोगों को ठंड का एहसास हो रहा था। दो पहिया वाहन चलाने वालों को यह ठंड महसूस हो रही थी और उन्हें गर्म कपड़े पहनना पड़ रहे थे। मौसम विभाग के अधिकारियों का कहना है कि मौसम में इस परिवर्तन के साथ ठंड की वापसी होगी लेकिन यह ठंड बहुत तेज ठंड वाली ठंड नहीं रहेगी।

# नगर निगम का दावा, हर कॉलोनी में बनाए जा रहे एसटीपी प्लांट

### कितनी कॉलोनी का सीवरेज वाटर हो रहा ट्रीट निगम के पास नहीं है जानकारी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

केंद्र और राज्य सरकार द्वारा ड्रेनेज का पानी कॉलोनी के अंदर ही एसटीपी प्लांट लगाकर ट्रीट किया जाए इस नियम को लेकर नगर निगम ने अपनी गंभीरता दिखाते हुए दावा किया है कि प्रत्येक कॉलोनी में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाया जा रहा है इसके लिए स्ट्रक्चर निर्माण की मॉनिटरिंग खुद नगर निगम का कॉलोनी सेल विभाग कर रहा है। जिन कॉलोनियों को विकास अनुमति और कंप्लीशन सर्टिफिकेट दिया जा रहा है उनमें यह सुनिश्चित किया जाता है कि एसटीपी प्लांट का स्ट्रक्चर बनाया जाए।

नगर निगम के कॉलोनी सेल विभाग का कहना है कि नियम अनुसार एसटीपी संयंत्र निर्माण और संचालन की जिम्मेदारी कॉलोनाइजर एवं रहवासियों की होती है, मुख्य भूमिका में रहवासी ही रहते हैं जिन्हें सहयोग राशि एकत्र कर एसटीपी प्लांट लगाना होता है। नगर निगम की भूमिका स्ट्रक्चर बनवाने तक होती है इसके बाद कॉलोनाइजर जिस रहवासी संघ का गठन करता है उसे ही इसकी जिम्मेदारी उठानी पड़ती है। बीते 5 सालों में जिन कॉलोनी में वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के लिए स्ट्रक्चर बनवाया गया था वर्तमान में वहां क्या स्थिति है इसकी जानकारी फिलहाल निगम अधिकारियों को नहीं है उनका कहना है कि स्ट्रक्चर बनवाने के बाद की मॉनिटरिंग करने की व्यवस्था नगर निगम में नहीं है, इसीलिए यह बता पाना संभव नहीं है कि वर्तमान में कितने कॉलोनी का ड्रेनेज वाटर कॉलोनी के ही एसपी से ट्रीट होकर गार्डन सहित अन्य स्थानों में रीयूज किया जा रहा है।

नगरी प्रशासन द्वारा इस नियम को लागू करने का उद्देश्य यह था कि शहर की ड्रेनेज लाइनें पर सीवरेज वाटर के बढ़ते दबाव को क्रम किया जा सके एवं पानी का दोबारा उपयोग कॉलोनी के गार्डन में हरियाली बढ़ाने के लिए किया जा सके। वर्तमान में इस नियम की केवल खानापूर्ति की जा रही है, क्योंकि कॉलोनाइजर एसपी लगाने की औपचारिकता केवल स्ट्रक्चर बनाकर पूरी कर देते हैं जिसके पीछे तर्क दिया जाता है कि कॉलोनी में बसाहट होने के बाद ही सीवेज वाटर जनरेट होगा तब तक प्लांट लगाने का कोई औचित्य नहीं है इसके बाद जब कॉलोनी में बसाहट हो जाती है तो इसके बाद प्लांट लगाने जैसी जिम्मेदारी को रहवासी गंभीरता से नहीं लेते क्योंकि इस खर्च को उठाने से रहवासी बचते है। इस मामले को महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने कहा है कि कॉलोनी में एसटीपी प्लांट लगाने का नियम मात्र औपचारिकता नहीं होना चाहिए। शहर के सीवरेज सिस्टम सुधार के लिए यह महत्वपूर्ण नियम जिसका पालन प्रत्येक कॉलोनाइजर से करवाया जाना चाहिए। स्ट्रक्चर बनाने के बाद मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी भी निगम को करनी होगी। कॉलोनी में बसाहट होने के बाद यह जांच की जानी चाहिए कि एसटीपी प्लांट लगाया गया है या नहीं, इससे सीवरेज ट्रीट हो रहा है या नहीं? महापौर ने कहा कि यह विषय संज्ञान में लाया गया है जल्द ही कॉलोनी सेल से बीते 5 सालों में नई कॉलोनी को भवन अनुज्ञा अनुमति दी गई है उन कॉलोनी में एसटीपी प्लांट स्थापित हुए हैं या नहीं, इसकी जांच कराई जाएगी। एसटीपी प्लांट नहीं मिलने की स्थिति में जुर्माने और पेनल्टी की कार्रवाई होगी। साथ ही एसटीपी प्लांट लगवाने एवं संचालन शुरू करवाया जाएगा।

# लोकसभा अध्यक्ष दीक्षांत समारोह में आएंगे

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला 27 फरवरी को इंदौर आएंगे और वे वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होकर सैकड़ों छात्रों को डिग्रियां और 17 मेधावी विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल प्रदान करेंगे।

# मुस्लिम क्षेत्रों में रात्रि दुकानें खोलने की स्वीकृति देवे

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** संस्था सर्वधर्म और मंत्री तुलसीराम सिलावट से जुड़े मंजूर बेग ने संभागायुक्त और पुलिस कमिश्नर से मांग की है कि रमजान माह शुरू हो चुका है और मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र खासतौर से बम्बई बाजार, चंदननगर, खजराना, आजाद नगर, रानीपुरा, बड़वाली चौकी, गुलजार कालोनी सहित अन्य जगह पर जहां-जहां दुकानें वहां रात्रि दुकानें खुलने की स्वीकृति देवें।

# छावनी में तेज हुआ सड़क चौड़ीकरण का विरोध

## व्यापारियों की मांग 60 फीट बनाई जाए सड़क, भोपाल सीएम से मिलने पहुंचे

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

छावनी में सड़क चौड़ीकरण को लेकर एक बार फिर विरोध तेज हो रहा है व्यापारी और रहवासी मिलकर आंदोलन की रणनीति बना रहे हैं बुधवार को व्यापारी प्रतिनिधि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से सड़क की चौड़ाई 60 फीट करने की मांग को लेकर मिलने भोपाल पहुंचे वहीं दूसरी ओर छावनी के व्यापारियों ने कल देर रात तक विरोध की रणनीति बनाने के लिए आपस में चर्चा की। व्यापारियों ने बताया कि अभी नगर निगम अधिकारियों और क्षेत्रीय विधायक के साथ ही सभी जिम्मेदार प्रतिनिधियों के समक्ष सड़क की चौड़ाई कम करने की मांग रखी जाएगी अगर इसके बाद भी मांगे नहीं मानी जाती है तो आंदोलन एवं न्यायालय की शरण ली जाएगी।

**नगर निगम ने जारी किए नोटिस, कहा स्वयं बाधक निर्माण हटाए**

व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष भरत मथुरावाला ने बताया कि रहवासी और व्यापारियों को विकास से कोई परेशानी नहीं है लेकिन अंग्रेजों के जमाने में बसाई गई यह छावनी छोटे व्यापारियों के रोजगार का केंद्र है। सड़क को यदि 80 फीट बनाया जाता है तो व्यापार पूरी तरह से नष्ट हो जाएगा और कई लोगों के घर उजड़ जाएंगे। हर बार जब भी मास्टर प्लान आता है तब सड़क की चौड़ाई बढ़ा दी जाती है जबकि सभी व्यापारियों और रहवासियों की जमीन खरीदी हुई एवं रजिस्ट्री वाली है। यहां किसी ने भी किसी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा नहीं किया है, जो लगातार सड़क की चौड़ाई बढ़ाई जा रही है 1992 के मास्टर प्लान में सड़क की चौड़ाई 60 फीट थी 2011 के मास्टर प्लान में सड़क की चौड़ाई 80 फीट कर दी गई अब आने वाले मास्टर प्लान में सड़क की चौड़ाई और बढ़ा दी जाएगी। यदि ऐसा होता है तो व्यापारियों की जमीन मकान दुकान सभी सड़क की जद में चले जाएंगे। बार-बार सड़क की चौड़ाई बढ़ाना ठीक नहीं है। उन्होंने बताया कि हमने अपनी मांग भोपाल मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के समक्ष भी पहुंचा दी है कुछ व्यापारी उनसे मिलने भी गए हैं इसके अलावा हम जनप्रतिनिधियों के साथ आग्रह एवं निवेदन पूर्वक अपनी मांग रख रहे हैं। आज शाम को एक बार फिर सभी रहवासी और व्यापारी मिलकर बैठक करेंगे और अंतिम निर्णय लिया जाएगा। व्यापारियों के आंदोलन पर कांग्रेस भी साथ खड़ी दिखाई दे सकती है फिलहाल इस आंदोलन को व्यापारियों ने अभी गैर राजनीतिक रखने का निर्णय लिया है। वहीं दूसरी ओर नगर निगम द्वारा रवासियों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं, जिसमें कहा गया है कि वह सड़क की चौड़ाई के अनुसार जहां लाल निशान लगाए गए हैं वहां तक निर्माण स्वयं हटा ले यदि बाधक निर्माण नहीं हटाए जाते हैं तो फिर नगर निगम कार्रवाई करेगा।

# कबीट खेड़ी में एसटीपी के निर्माण की गति धीमी

## आयुक्त ने एजेंसी पर लगाया जुर्माना, दी चेतावनी



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** इंदौर नगर निगम के आयुक्त क्षितिज सिंगला ने कबीट खेड़ी के एसटीपी प्लांट के निर्माण की गति धीमी होने के आधार पर निर्माण कर्ता एजेंसी पर जुर्माना लगा दिया है। इसके साथ ही इस एजेंसी को काम में गति लाने के लिए चेतावनी दी है। सिंघल द्वारा आज नेहरू पार्क स्थित स्मार्ट सिटी ऑफिस में अमृत 2.0 एवं नमामी गंगे परियोजना की प्रगति की विस्तृत समीक्षा बैठक ली गई। अमृत 2.0 योजनांतर्गत शहर में संचालित सभी चार पैकेजों की वर्तमान प्रगति की जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि सभी चारों पैकेजों में कार्य प्रारंभ कर दिया गया है तथा विभिन्न क्षेत्रों में पाइपलाइन बिछाने, जल प्रदाय से संबंधित आधारभूत संरचना के निर्माण एवं अन्य तकनीकी कार्य प्रगति पर हैं। सिंघल ने निर्देश दिए कि खुदाई के उपरांत रेस्टोरेशन कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से किया जाए, ताकि आम नागरिकों को यातायात, धूल, कीचड़ अथवा अन्य प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि सड़कों की मूल स्थिति के अनुरूप शीघ्र बहाली सुनिश्चित की जाए तथा कार्यस्थलों पर सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य रूप से किया जाए।

नमामी गंगे परियोजना की समीक्षा के दौरान संबंधित एजेंसी 'नीरकेयर' की कार्य प्रगति अपेक्षाकृत धीमी पाए जाने पर आयुक्त ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित अनुबंध शर्तों के अनुसार एजेंसी पर पेनल्टी लगाए जाने की कार्यवाही की जाएं तथा कार्य में अपेक्षित गति लाई जाए। आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि परियोजना की समय सीमा से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस एजेंसी के द्वारा लक्ष्मीबाई प्रतिमा और कबीट खेड़ी पर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाने का काम किया जा रहा है।

### तीसरी बार आयुक्त हुए नाराज

ट्रीटमेंट प्लांट बनाने वाली कंपनी के कामों पर सबसे पहले नगर निगम आयुक्त के रूप में शिवम वर्मा के द्वारा नाराजगी जाहिर की गई थी। उन्होंने मौके पर जाकर देखा था तो काम ही शुरू नहीं हुआ था। इसके बाद आयुक्त दिलीप कुमार यादव के द्वारा भी जब मौके पर देखा गया था तो काम को नाम के लिए चलाए जा रहा था। उस समय उन्होंने भी नाराजगी जताई थी। उन्होंने इस कंपनी के कर्ताधर्ताओं को बुलाने और कंपनी का ठेका समाप्त करने के कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे।

# सतीश भाऊ की गिरफ्तारी बन गई मजाक

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

खजराना गणेश मंदिर के गर्भगृह में अवैध रूप से प्रवेश कर भगवान को विवाह का न्योता देने के मामले में कुख्यात अपराधी सतीश भाऊ की गिरफ्तारी मजाक बनकर रह गई है। गिरफ्तार होने के बाद पुलिस के द्वारा उसे कोर्ट में पेश किया गया जहां से जमानत पर वह रिहा हो गया और आज शहर में शिवाजी जयंती पर यात्रा का आयोजन कर रहा है।





पिछले दिनों खजराना गणेश मंदिर में उस समय हंगामा मच गया था जब सतीश भाऊ ने अपनी पत्नी के साथ जाकर मंदिर के गर्भ ग्रह में दर्शन किए। प्रशासन के द्वारा मंदिर के गर्भ गृह में किसी के भी जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इस प्रतिबंध के धज्जियां उड़ाते हुए यह व्यक्तिगत गया और वहां जाकर उसने अपने परिवार के विवाह समारोह का निमंत्रण गणेश जी को दिया। इस मामले को लेकर जब मीडिया में हंगामा मचा तो कलेक्टर शिवम वर्मा ने कार्रवाई के निर्देश दिए थे। कलेक्टर के निर्देश पर पुलिस खजराना के द्वारा मुकदमा दर्ज किया गया था।

इस मुकदमे में सतीश भाऊ को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस ने उसके घर पर छापे मारे थे लेकिन वह नहीं मिला था। इसके बाद पुलिस के द्वारा उसे तलाश किया जा रहा था। इसी बीच कल सतीश भाऊ अपनी पत्नी के साथ थाने पर पहुंच गया और उसने खुद गिरफ्तारी दे दी। पुलिस ने इस मामले में कितनी गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया यह इसी बात से स्पष्ट हो जाता है कि गिरफ्तार होने के बाद सतीश भाऊ को कोर्ट में पेश किया गया और वह तत्काल जमानत पर रिहा हो गया है। आज सतीश भाऊ के द्वारा शिवाजी जयंती के मौके पर शोभा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।

# आयुक्त ने झोन दौरा के दौरान सीएसआई और दरोगा का वेतन काटने के दिए निर्देश

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने कल झोन क्रमांक 12, 13 एवं 21 में नाला टैपिंग, आउटफॉल एवं सफाई व्यवस्था के संबंध में निरीक्षण किया। अधिकारी आशीष पाठक सहित अन्य की मौजूदगी में राजीव गांधी चौराहा, चोइथराम मंडी, गुरु नानक कॉलोनी, माणिक बाग रोड एवं लालबाग क्षेत्र का भ्रमण कर नाला टैपिंग, नाला सफाई, आउटफॉल की स्थिति एवं साफ-सफाई की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सफाई व्यवस्था में लापरवाही पर कार्रवाई झोन क्रमांक 13 के अंतर्गत राजीव गांधी चौराहा से चोइथराम मंडी एवं माणिक बाग क्षेत्र में नर्मदा लाइन तथा सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान रिदम गार्डन एवं चोइथराम मंडी क्षेत्र में सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाई गई। सफाई कार्य में लापरवाही पाए जाने पर क्षेत्रीय सीएसआई अभिषेक तिवारी का तीन दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए गए। साथ ही वार्ड क्रमांक 78 के दरोगा दयाराम तेजी एवं वार्ड क्रमांक 74 के केश गौहर को कड़ी फटकार



लगाते हुए तीन-तीन दिवस का वेतन काटने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। इसके साथ ही आयुक्त द्वारा झोन क्रमांक 12 क्षेत्र में भी सफाई व्यवस्था का निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था ठीक नहीं पाए जाने पर सीएसआई राजकुमार यादव पर नाराजगी व्यक्त करते हुए विभागीय जांच के आदेश दिए गए।

### नाला टैपिंग एवं आउट फॉल कार्य की समीक्षा

इसके पश्चात आयुक्त द्वारा चोइथराम मंडी एवं लालबाग क्षेत्र में नाला टैपिंग एवं आउटफॉल के कार्यों का स्थल निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी नाला आउटफाल टैपिंग सुनिश्चित करें। आयुक्त ने यह भी निर्देशित किया कि बरसात पूर्व सभी नालों की गहन सफाई, सिल्ट हटाने की कार्रवाई तथा आउटफॉल पॉइंट्स की नियमित मॉनिटरिंग की जाए, ताकि जलभराव एवं प्रदूषण की स्थिति उत्पन्न न हो।



# जस्टिस ने किया सेंट्रल जेल का निरीक्षण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

जस्टिस विजय कुमार शुक्ला ने इंदौर सेंट्रल जेल का निरीक्षण किया। उन्होंने जेल परिसर की विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। जेल स्थित फांसी घर का भी अवलोकन किया। सुरक्षा व्यवस्थाओं और संरचनात्मक स्थिति की जानकारी ली। इसके अतिरिक्त उन्होंने जेल के भीतर संचालित बर्तन निर्माण और दरी बुनाई कारखाने का भी निरीक्षण किया। उन्होंने देखा कि किस प्रकार कैदी प्रशिक्षण के माध्यम से बर्तन और दरियां तैयार करते हैं। जस्टिस शुक्ला ने जेल परिसर में नव निर्मित वीडियो कॉन्फ्रेंस कक्ष सहित अन्य कक्षों का शुभारंभ भी किया। वीडियो कॉन्फ्रेंस सुविधा से अब बंदियों की पेशी और न्यायिक प्रक्रिया अधिक सुगम और सुरक्षित हो सकेगी। इस अवसर पर उन्होंने कैदियों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं।

# गोवर्धननाथ मंदिर से निकली यात्रा में रहे वैष्णवजन मौजूद





## आज यज्ञोपवित आयोजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

कल गोवर्धननाथ मंदिर यशवंतगंज से यात्रा निकाली गई। दिव्येशकुमार महाराज और समग्र वल्लभ कुल आचार्यों की मौजूदगी रही। प्रियव्रजराय बाबाश्री एवं सौहार्द शर्मा के शुभ यज्ञोपवित के कार्यक्रम के अन्तर्गत रीति रिवाज और मंत्रों के साथ सभा भी हुई। नीलेश नीमा डेरी, रितेश मंत्री, सुरेश ठाकुर, प्रमोद नागर, मनोज नागर ने बताया कि बड़ी संख्या में वैष्णवजन इस यात्रा में शामिल रहे, जगह-जगह स्वागत भी किया गया। हवेली में ठाकुरजी अष्टखंभ मनोरथ भी हुआ उसी के बाद शाही बाना शोभायात्रा के रूप में निकाली गई। देशभर से आए आचार्यगणों ने गोवर्धननाथ हवेली का अवलोकन भी किया। आज दोनों बालकों का यज्ञोपवित संस्कार भी होगा।

# जैन समाजजन ने मुक्तागिरि में दिखाई आचार्य के लिए भक्ति

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



इंदौर से करीब 400 जैन समाजजन मुक्तागिरि के लिए रवाना हुए थे और उन्होंने मुक्तागिरि में आचार्य विद्यासागर म.सा. का समाधि दिवस कार्यक्रम में शिरकत की। नवीन गोधा, मनमोहन झांझरी, डीके जैन, पवन जैन, हर्ष जैन, पवन सिंघई, संजय जैन, विनोद जैन, राजू अलबेला, महेन्द्र सिंघई, संजय अहिंसा, संजय आईटीआई, राजेश लारेल, सुशील पाण्डया, अनिल जैनको, पूनमचंद सतभैया, हंसमुख गांधी, मनीष नायक, दिलीप पाटनी, संजय जैन, चन्द्रेश जैन सहित अन्य मौजूद थे।



# आचार्य छत्तीसी विधान

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। आचार्य विद्यासागर म.सा. के समाधि दिवस पर चंदा प्रभु मंदिर राजेंद्र नगर में आचार्य छत्तीसी विधान का आयोजन किया गया। दीपक पाटनी ने बताया कि भक्तामर के 48 काव्यो पर 48 दीप प्रज्वलित कर मनाया गया। मीना कैलाश पाटनी, दीपक पाटनी, ऋतु जैन, जयश्री जैन, कुमुद जैन, सुनिल जैन, विकास जैन, मुकेश पाटनी, वंदना जैन, विनिता पाटनी, आराधना कटॉरिया, रजनी जैन, कमल बाकलीवाल, प्रवीण जैन, वतन जैन, सुशील जैन, धनकुमार सेठी सहित अन्य मौजूद थे।



# जैनेश्वरी दीक्षा के लिए जैन समाजजन पहुंचे मुक्तागिरि

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। मुक्तागिरि तीर्थ क्षेत्र में आज जैनेश्वरी दीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। 23 एलक, छुल्लक को मुनिदीक्षा प्रदान होगी। राजेश जैन ने बताया कि इंदौर से भी बड़ी संख्या में बसों से इस आयोजन में शामिल होने के लिए समाजजन मुक्तागिरि पहुंचे हैं। इंदौर के मुकेश बाकलीवाल परिवार के एलक सुद्रर्ण सागर महाराज मुनि दीक्षा ग्रहण आज करेंगे।

# फाग यात्रा में अग्र बंधु रहेंगे मौजूद

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। संस्था अग्रमंच के आशीष गोयल ने बताया कि इस वर्ष भी रास उल्लास फाग यात्रा का आयोजन अग्रवाल नगर में सुबह 9 बजे से 8 मार्च रविवार रंगपंचमी पर आयोजित किया जाएगा। कसोटी श्याम बाबा यात्रा में भक्तों के साथ रंग से सराबोर होली खेलेंगे। यात्रा पूरी तरह पारिवारिक रहेगी, जिसमें बुजुर्ग, महिलाएं, बच्चे भी शामिल होंगे। फाग गीतों पर नृत्य भी किया जाएगा, केवल गुलाल का उपयोग होगा। भाभीजी घर पर है फेम वाली टिल्लू मुंबई से इंदौर आकर कार्यक्रम में शिरकत करेगी। बड़ी संख्या में अग्रवाल एवं वैश्य समाजजन भी मौजूद रहेंगे। कमेटी का गठन भी किया गया है। कीर्ति अग्रवाल बंटी, विकास केडिया, हेमंत गोयल, शिवनारायण अग्रवाल, नवनीत केडिया, शैलेश अग्रवाल, धर्मेंद्र अग्रवाल, कपिल गोयल, संजय बिंदल, निकुंज गोयल, मनीष अग्रवाल, मुकेश गर्ग, रवि अग्रवाल, रितेश बंसल, सचिन अग्रवाल, नीलेश अग्रवाल, रवि गोयल, कैलाश अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, मनीष बंसल, मनीष गोयल, अनिल गोयल, अमित अग्रवाल को जिम्मेदारी दी गई है।

# रेलवे कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता शिविर

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल के स्वास्थ्य विभाग द्वारा कर्मचारियों एवं उनके परिजनों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु कल इंदौर के छात्रावास में जागरूकता स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। अस्पताल और स्वास्थ्य केन्द्र का सहयोग रहा। कर्मचारी, सेवानिवृत्त कर्मचारी और उनके परिजनों ने इसका लाभ लिया। डॉ. नितिन मोदी, डॉ. विकास जैन, डॉ. के.एल. प्रजापति ने विस्तार से जानकारी दी। जनसम्पर्क अधिकारी मुकेश कुमार मौजूद रहे।




# कर्मचारी यूनियन के साथ निगम आयुक्त की बैठक

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल के साथ मान्यता प्राप्त कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारियों ने बैठक कर अवकाश नकदीकरण के शीघ्र भुगतान को लेकर चर्चा की गई। राजेश करोसिया ने बताया कि मान्यता प्राप्त यूनियन के पदाधिकारी मौजूद रहे। कई पुराने और नए मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

# साक्षी रावतोले ने सूक्ष्म चित्रकला में पाई उपलब्धि



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। इंदौर की 22 वर्षीय युवा कलाकार साक्षी रावतोले गुनगुन ने सूक्ष्म चित्रकला में दो अन्तर्राष्ट्रीय कीर्तिमान स्थापित किए। माइक्रो आर्ट क्षेत्र में वर्ल्डवाइड बुक ऑफ रिकॉर्ड और इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड द्वारा मान्यता प्रदान की गई है। डॉ. संतोष वाधवानी, देवेन्द्रसिंह कुशवाह, शीलकुमार पाठक, मुकेश संघवी, संजीव सिसोदिया, दिव्या रावतोले ने शुभकामनाएं दी।

# कल से गांधी हॉल में जात्रा का तीन दिवसीय आयोजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

धार, झाबुआ और अलीराजपुर जैसे जनजातीय इलाकों में आज भी जंगल सिर्फ हरियाली नहीं, बल्कि एक जीवित औषधालय है। यहाँ पेड़-पौधे नामों से नहीं, बल्कि अपने अद्वितीय गुणों से पहचाने जाते हैं। कौन-सी जड़ी कब तोड़ना है, किस मौसम में कौन-सा काढ़ा बनता है, कौन-सी पत्ती किस तकलीफ में काम आती है, यह सब किसी किताब में नहीं, बल्कि पीढ़ियों के अनुभव में दर्ज है। यहाँ इलाज जल्दी से ज्यादा, सही होता है। शहर और इस ज्ञान के बीच की दूरी को पाटने के लिए कल से तीन दिनों 22 फरवरी तक गांधी हॉल में जात्रा का आयोजन होगा। इसमें आदिवासी संस्कृतिक के साथ-साथ जीवन दृष्टि और स्वास्थ्य प्राकृति का मुद्दा भी दिखाई देगा। यहां धार, झाबुआ, अलीराजपुर क्षेत्र की औषधियां वनोपज भी प्रदर्शित किए जाएंगे। 100 से ज्यादा स्टाल लगेंगे। संस्था ट्रायबल फाउंडेशन द्वारा 25 से ज्यादा पेंटिंग्स प्रदर्शित की जाएंगी। जनजातीय सामाजिक सेवा समिति के अध्यक्ष देवकीनंदन तिवारी, गिरिश चव्हाण ने उक्त जानकारी दी। आयोजन में जनजातीय कला और हस्तशिल्प प्रदर्शनी, पारम्परिक व्यंजन के स्टॉल, नृत्य और लोक नृत्य की प्रस्तुति, पिथोरा आर्ट गैलरी, भगोरिया पर आधारित फोटो प्रदर्शनी, जनजातीय साहित्य और परिधान के स्टॉल भी रहेंगे।

# अग्रवाल कुटुम्ब में 1100 सदस्य बनाने का लक्ष्य



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

अग्रवाल समाज में अग्रवाल कुटुम्ब के नाम से गठित युवाओं की संस्था ने 1100 सदस्यों का परिवार स्थापित करने के अपने लक्ष्य के मुकाबले प्रथम चरण में 251 सदस्य बना लिए हैं। खजराना गणेश मंदिर एवं कुलदेवी महालक्ष्मी की साक्षी में 1 अप्रैल तक संगठन से 1100 युवाओं को जोड़ने का संकल्प लिया गया। यह अभियान

## प्रथम चरण में बन गए 251 युवा

चार चरणों में पूरा होगा, तब संगठन का विधिवत स्थापना दिवस मनाकर काम शुरू कर दिया जाएगा। संजय बांकडा, राजेश मित्तल, अरविन्द अग्रवाल वेल्यूअर, मनोज अग्रवाल अन्नपूर्णा एवं रितेश मित्तल, सचिन अग्रवाल, मनीष जिंदल, अजय मंगल, संजय गोयल, नितिन, भावेश अग्रवाल, विकास जिंदल, अमित ब्रजमोहन अग्रवाल, राम अग्रवाल, रत्नेश गोयल, पसंद बांकडा, रीतेश राजवंशी, अमृत गोयल मौजूद थे।



# छत्रपति शिवाजी महाराज की मनाई जा रही है जयंती

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आज छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाई जा रही है। आज शिवाजी प्रतिमा पर सुबह से अलग-अलग टीम ने माल्यार्पण कर कार्यक्रम भी आयोजित किए। अ.भा. कुर्मी क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारी गणेश चौधरी, पठान पटेल, एलबी पटेल, डॉ. वीएस निरंजन सहित अन्य ने शिवाजी महाराज की प्रतिमा एवं चित्र पर पूजन किए।

# विद्या भारती के कार्यक्रम में कल प्रबुद्ध स्त्रियां होंगी शामिल

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के तत्वाधान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस के 100 वर्ष के अंतर्गत विद्या भारती के समस्त शिक्षा प्रतिष्ठानों में राष्ट्रीय स्तर पर सप्तशक्ति संगम का आयोजन किया गया। जिसमें सभी शिक्षण संस्थानों में हजारों संगम हुए और अब 20 फरवरी क़ी शाम को प्रीतमलाल दुआ सभागृह इंदौर में इसका समापन समारोह आयोजित हो रहा है। जिसमें समाज की सैकड़ो प्रबुद्ध मात्र शक्तियां अपनी उपस्थिति दर्ज कर रही है। डॉ. हीना नीमा, डॉ. पिंकी हार्डिया, रेखा चुडासमा, इंदिरा पाटीदार, डॉ. संध्या चौकसे, कीर्तिश धामारीकर सहित अन्य अपनी भूमिका निभाएंगे।



# रेडिमेड टेलरिंग प्रशिक्षण



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। संस्था प्रवाह द्वारा राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के तत्वाधान में आजीविका उद्यमिता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत व्यवसायिक टेलरिंग रेडिमेड प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। एक्सपोजर विजिट के लिए नितिन मौजूद रहे। रेडिमेड टेलरिंग को लेकर बनाने का तरीका और अन्य प्रक्रिया की जानकारी दी गई। जिसमें वे अपने सीएफसी का संचालन व प्रबंधन कर सके। कपड़े का रख रखाव कटिंग, अपडेट मशीनों से सिलाई, कॉच बटन मशीन द्वारा, फिनिशिंग, कपडे व केनवास को मशीन द्वारा चिपकाना, प्रेस करना, कपडे की घडी के साथ बाक्स पेकिंग तक प्रत्यक्ष रूप से दिखाई व समझाई गई।रेशमा तायवाडे, ममता सोलंकी एवं दिनेश बामनिया आयोजन से जुडी रही।

# मातृभाषा दिवस पर 18 भाषाई समाज होंगे शामिल

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर इस वर्ष भी डॉक्टर हेडगेवार स्मारक समिति एवं भारतीय भाषा



संवर्धन समिति द्वारा 22 फरवरी को सुबह 10 बजे से नूतन स्कूल चिमनबाग द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें करीब 18 भाषाई समाज जैसे संस्कृत, निमाड़ी, मालवी, भीली, जनजाति, मैथिली भोजपुरी, मलयालम, तेलुगु, कन्नड़, मराठी, पंजाबी, मारवाड़ी, सिंधी, गुजराती, नेपाली, हिंदी, गढ़वाली सम्मिलित होंगे एवं सभी अपने-अपने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देने के साथ ही पारंपरिक व्यंजनों एवं साहित्य के स्टॉल भी लगाएंगे। रवीन्द्र देशपांडे, अभयसिंह राठौर, अश्विन खरे ने बताया कि प्रवीण गुप्त, पी. नरहरि, सरबजीतसिंह देऊसी अतिथि के रूप में मौजूद रहकर वक्तव्य भी देंगे।



# दृष्टिहीन विद्यार्थियों के लिए ब्रेल बुकलेट तैयार

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** राबीया खान ने दृष्टिहीन विद्यार्थियों के लिए 'तोहफा-ए-रमजान' नामक ब्रेल बुकलेट तैयार की है, जिसे क्वालिटी एजुकेशनल सोसायटी फॉर ब्लाइंड द्वारा प्रिंट किया गया है। यह विशेष बुकलेट माह-ए-रमजान के अवसर पर बनाई गई है, ताकि बच्चों को रोजा, रमज़ान का महत्व, सेहरी और इफ्तार की दुआओं तथा कुरान व हदीस से जुड़ी शिक्षाओं की सरल और सुलभ जानकारी मिल सके। राबीया का कहना है कि भारत में पहली बार रमजान से संबंधित इस प्रकार की ब्रेल बुकलेट तैयार की गई है।

# सामाजिक सुरक्षा योजना कैम्प

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** ए.आर.टी केंद्र में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं हेतु कैम्प का आयोजन किया गया इसमें केंद्र और राज्य शासन



द्वारा चलाई जा रही सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बारे में मरीजों को जानकारी प्रदान की गई और जरूरतमंदों को इन योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु उचित कार्यवाही की गई।डॉ. धर्मेंद्र झवर, डॉ. अशोक ठाकुर, डॉ. संजय हवलदार, डॉ. निशा बंजारे, सौदामई शिवहरे, मोनिका मालवीय, शिखा मालाकार, राहुल चौकसे, गजेंद्र राहिले, शिवराज सिंह, नवीन घोघरे, मधुबाला वर्मा, प्रजापति, रवि चौहान, श्रुति गीते, सपना जैन, मीना गोठवाल, दिशा प्रोजेक्ट, मयंक अग्रवाल ने अपनी भूमिका निभाई।

# कैथोलिक समाज ने मनाया राख बुधवार

## चालीसा काल शुरू

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कैथोलिक कलीसिया के साथ ही इंदौर के कैथोलिक समाज ने राख- बुधवार मनाया। कैथोलिक गिरजाघरों में कल सुबह से पवित्र मिस्सा अर्पित की गई। जिसमें पुरोहित ने भक्तजनों के माथे पर राख से क्रूस का चिन्ह अंकित करते हुए उन्हें याद दिलाया कि 'मनुष्य तू धूल है और धूल में मिल जाएगा।' रेड चर्च इंदौर में सुबह 06:30 बजे फादर सेल्विन ड़ाज़न ने फादर सेल्विन ड़ाज़न की मौजूदगी में पवित्र मिस्सा अर्पित की। चालीसा काल भी शुरू किया गया। कल पहला शुक्रवार चालीसा का रहेगा, कल शाम 6:30 बजे सभी गिरजाघरों में पवित्र क्रूस मार्ग की आराधना की जायेगी। उक्त जानकारी बीएल अलवारिस ने दी।





# रसोमा बिजली ग्रिड की क्षमता बढ़ाई

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह के निर्देश पर शहर की बिजली वितरण क्षमता बढ़ाई जा रही है, ताकि गर्मी में आपूर्ति में आसानी रहे। शहर अधीक्षण यंत्री डीके गाठे ने बताया कि बुधवार को उत्तर शहर संभाग के तहत विजय नगर क्षेत्र के रसोमा स्थित 33/11 केवी सब स्टेशन की क्षमता 5 एमवीए से बढ़ाकर दस एमवीए कर दी गई। एक माह में विजय नगर सब स्टेशन एवं खजराना सब स्टेशन की क्षमता में भी वृद्धि की गई है। शहर की कुल विद्युत वितरण क्षमता करीब 1600 एमवीए हो गई है।

# मराठी भाषा गौरव दिवस पर बाल गीत रामायण प्रस्तुत करेंगे बच्चे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

बाल साहित्य में काम करने वाली मुक्त संवाद साहित्यिक समिति द्वारा 27 फरवरी को मराठी भाषा गौरव दिवस पर संवाद का आयोजन मंगल भवन लोकमान्य नगर में शाम 6.30 बजे से होगा। बच्चे बाल गीत रामायण की प्रस्तुति भी देंगे। मोहन रेड्गावकर, कीर्तिश धामारीकर, नीलेश हिरपाठक, पंकज नामजोशी ने बताया कि विदुषी कल्पना झोकरकर के संगीत संयोजन और रंजना ठाकुर के नृत्य संयोजन में बाल कलाकार राजस देशपांडे, सार्थक सांगमनेरकर, यश फपूणकर व अन्य बाल कलाकार बाल रामायण प्रस्तुत करेंगे। निवेदन अबीर पहुरकर और आरोही शास्त्री का होगा। डॉ. अजित मराठे और विनीथ नवाथे अतिथि होंगे।

# बजट से जनता पर बोझ, कार्पोरेट पर मेहरबानी -कांग्रेस

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता अमित चौरसिया ने प्रदेश सरकार के कल प्रस्तुत हुए बजट पर प्रतिक्रिया दी और कहा कि 4.38 लाख करोड़ का बजट प्रदेश की जनता का खून चूसने वाला बजट है। यह बजट विकास का दस्तावेज़ नहीं, बल्कि कर्ज़, कर और कॉरपोरेटपरस्ती का घोषणा-पत्र है। पिछले 26 महीनों में 1.69 लाख करोड़ का नया कर्ज़ लिया गया। औसतन हर माह 6500 करोड़ और प्रतिदिन लगभग 216 करोड़ का बोझ प्रदेशवासियों पर डाला गया। आज मध्य प्रदेश का हर नागरिक 60,000 रुपये से अधिक के कर्ज़ के बोझ तले दबा है। सरकार की आय का 16% हिस्सा केवल कर्ज़ के ब्याज और उस पर लगने वाले ब्याज की अदायगी में जा रहा है, जो किसी भी प्रमुख विभाग के बजट से अधिक है।पिछले पाँच वर्षों में 1.16 लाख करोड़ रुपये सिर्फ ब्याज चुकाने में खर्च किए गए। जनता पर बोझ बढ़ रहा है और कार्पोरेट पर मेहरबानी की जा रही है।

# कांग्रेस विधायक ने बताया विकास विरोधी बजट

खरगोन (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। कसरावद विधायक पूर्व मंत्री सचिन यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार का बजट जनता की उम्मीदों से विपरीत है। हकीकत से दूर और विकास विरोधी बजट है। जमीनी सच्चाइयों से दूर केवल खोखले दावे और आंकड़ों की बाजीगरी के जरिये जनता को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रदेश आज बेरोजगारी, महंगाई, किसान संकट और सामाजिक असमानता जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है, लेकिन बजट में इन मूल मुद्दों के समाधान का कोई ठोस रोडमैप नजर नहीं आता। राजकीय घाटा बढ़ रहा है, जिससे आर्थिक भविष्य पर संकट बढ़ा हुआ है। 74 हजार करोड़ का भारी भरकम राज्यकोषीय घाटा है, इस घाटे को कम करने की रणनीति नहीं दिखाई गई है। महंगाई और करो से कोई राहत नहीं मिल रही है। रसोई गैस लगातार महंगी हो रही है, गरीब, मध्यम वर्ग और मजदूर वर्ग की पिड़ा को इस बजट में पूरी तरह नजरअंदाज किया गया है। अमेरिका से व्यापार समझौता कर देश के किसानों की कब्र सरकार ने खोदी है।



### समृद्ध-विकसित मध्यप्रदेश की संकल्पना का बजट

# गरीब कल्याण, युवा शक्ति, किसान कल्याण, नारी शक्ति, आधारभूत संरचना एवं औद्योगिक निवेश पर फोकस

## लगातार तीसरे वर्ष भी कोई नया कर नहीं



विश्लेषक : मनोहरदास सोमानी
कुलसचिव : क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय, खरगोन

*मध्यप्रदेश शासन के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने कल विधानसभा में लगातार छंटी बार एवं यादव सरकार का तृतीय बजट पेश किया। यह बजट प्रदेश के इतिहास में पहली बार पूर्णतः डिजिटल रूप में प्रस्तुत किया गया। वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 4,38,617 करोड़ रुपए का बजट पेश करते हुए, राजकोषीय घाटे को सकल राज्य घरेलू उत्पाद का 3.7 प्रतिशत तक सीमित रखा जाने की योजना के साथ ही गत दो वर्षों की तरह इस वर्ष भी कोई नवीन कर नहीं लगाया गया एवं न ही वर्तमान करों की दरों में कोई इजाफा किया गया। वित्त मंत्री ने कहा कि प्रदेश का बजट प्रधान मंत्री के विकसित भारत के विजन को ध्यान में रखते हुए कृषकों, महिलाओ, युवाओं के कल्याण के साथ ही बजट में आधारभूत संरचना एवं औद्योगिक निवेश के लिए विशेष प्रयास किए है, ताकि विकसित भारत की तर्ज पर समृद्ध-विकसित मध्यप्रदेश की संकल्पना पूर्ण हो सके। बजट में वित्त मंत्री ने बजट के पांच प्रमुख स्तम्भ बताए :-*

1. तीन वर्षीय रोलिंग बजट- इसमें वार्षिक बजट को दीर्घकालिक दृष्टि से जोड़ा जाकर वित्त वर्ष 2026-27 के अतिरिक्त आगामी दो वित्तीय वर्षों के बजट आकडों को भी इसमें बताया है।
2. किसान कल्याण वर्ष 2026- समृद्ध किसान सशक्त राज्य के लिए 115013 करोड़ रूपए का प्रावधान कर प्रदेश की कृषि व्यवस्था को सुदृढ किया जाएगा।
3. बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एम पी आय) बजटिंग- यह राज्य शासन की एक अभिनव और दूरदर्शी पहल है, जिसमें शासन की जन कल्याण कारी योजनाओं का परिणाम-आधारित वित्तीय प्रबंधन करना है, ताकि जनकल्याण के विकास की विभिन्न योजनाओं का लाभ आम नागरिकों तक पहुंच सके।
4. पूंजीगत व्यय पर प्रथम बार 106156 करोड़ रूपए का प्रावधान कर प्रदेश में आधारभूत संरचना का विकास करना, जिसमें मुख्य रूप से सड़कों, पुलों, ऊर्जा, सिंचाई एवं शहरी सुविधाओं का विस्तार करना है।
5. नवीन योजनाएं- बजट में नवीन पहल के साथ नवीन योजनाएं प्रारम्भ करना, जो गुणवत्ता पूर्णपोषण आहार, गुणवत्तापूर्ण जीवन एवं आधारभूत संरचना का विकास कर सके।

बजट में लाड़ली बहनों के लिए 23,882 करोड़, जीरामजी योजना के लिए 10,428 करोड़, प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए 6,850 करोड़, स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 24,144 करोड़, आयुष्मान भारत योजना के लिए 8,63 करोड़, मुख्यमंत्री संबल योजना के लिए 9,50 करोड़, पीएम जनमन योजना के लिए 9,00 करोड़ रुपए, श्रमिक कल्याण के लिए 1,335 करोड़ रुपए के प्रावधान प्रस्तावित है। शिक्षा विभाग के लिए 31,953 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है, जिसमें स्कूली शिक्षा, उच्च शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा आदि सम्मिलित है, इस प्रावधान में से एक बड़ी राशि विद्यार्थियों को छात्रवृति के भुगतान में व्यय होगी, वित्त मंत्री ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के लिए कोई विशेष प्रावधान नहीं किया, जबकि मध्यप्रदेश राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने वाला पहला राज्य है, अतः इसके लिए भी कुछ अतिरिक्त प्रावधान किया जाने थे।

बजट में स्कूली शिक्षा के लिए 15,000 शिक्षकों की भर्ती का प्रावधान किया जाकर प्रदेश की युवा शक्ति को रोजगार दिया जावेगा। उज्जैन में वर्ष 2028 में आयोजित होने वाले सिंहस्थ के लिए 3060 करोड़ रुपए का विशेष प्रावधान बजट में किया जाकर सरकार ने सनातन धर्म के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता को जाहिर किया है, निश्चित ही वित्त मंत्री का यह प्रयास सराहनीय है। बजट में औद्योगिक क्षेत्र, आधारभूत संरचना, कृषि /कृषक कल्याण के विकास हेतु किए गए विभिन्न प्रावधानों, योजनाओं से प्रदेश में विनिर्माण क्षेत्र के विस्तार को गति मिलने के साथ औद्योगिक उत्पाद बढ़ेगा, कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी, निर्यात में भी वृद्धि होने की संभावना है, जिससे प्रदेश का चहुंमुखी आर्थिक-सामाजिक विकास होगा। युवाओं को रोजगार के अनेकानेक अवसर प्राप्त होने की भी पूरी संभावना है, लेकिन यह रोजगार कितना गुणवत्तापूर्ण एवं स्थायी होगा इस पर भी शासन को विशेष ध्यान देना चाहिए इसके लिए युवा शक्ति में कौशल विकसित करना अति आवश्यक है जिससे उपलब्ध होने वाले रोजगार के अवसरों में प्रदेश के युवाओं को ही नियुक्ति प्राप्त हो। बजट में वित्त मंत्री ने प्रदेश के विकास के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं के साथ-साथ नवीन योजनाओं हेतु अनेकों प्रावधान/प्रस्ताव किए है, जिससे मध्यप्रदेश प्रधानमंत्री की मंशानुसार एक समृद्ध व विकसित राज्य बनेगा। आवश्यकता है कि बजट में आबंटित राशि एवं प्रावधानों को लागू करने की निरन्तर निगरानी की जाए, आधारभूत संरचना के लिए किए जाने वाले विभिन्न निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण हो, इन पर होने वाले व्ययों की उच्च स्तरीय समीक्षा के साथ ही व्यावहारिक धरातल पर इनका किर्यान्वयन हो तभी हम मध्यप्रदेश को समृद्ध व विकसित राज्य बना सकेगें।

# बजट संतुलित, कुछ व्यापार उद्योग को राहत अपेक्षित थी



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। कैट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और वैश्य समाज से जुड़े रमेशचन्द्र गुप्ता ने प्रदेश सरकार के बजट पर कहा कि बजट में राहत देने का स्कोप ज्यादा न होने से उद्योग व्यापार क्षेत्र को मंडी टैक्स, बिजली शुल्क टैक्स आदि राहत की अपेक्षा में थे ताकि ट्रंप के रेड्यूस्ड टैरिफ से मुकाबला कर निर्यात बढ़ा सके। इसी प्रकार इन्फ्रास्ट्रक्चर में भी ध्यान ज्यादा नहीं दे पाए। लाडली बहना योजना की समीक्षा करना चाहिए बहुत बड़ा आर्थिक बोझ है, जिसे मीट आउट करने में सरकार को कठिनाई है। इसी प्रकार हाउसिंग हेतु घर बनाने हेतु बिल्डर्स को एफएआर को अनलिमिटेड करना चाहिए जैसा हैदराबाद जैसे शहरों में है ताकि निर्माण को गति मिल सके एव सरकार को रेवेन्यू भी मिल सके। किसानों को पंप पर सोलर पावर मेडिकल में सीट बढ़ाना स्वागतयोग्य है। मंडी शुल्क 0 करना चाहिए ताकि जो उद्योग गुजरात महाराष्ट्र पलायन कर चुके है वापस आए और यहां पुनः चालू हो ताकि रोजगार व उत्पादन यहां बढ़े और उत्पादन क्षमता पुनः स्थापित हो सके।

# बजट विकास का रोल मॉडल बनेगा -सुमित मिश्रा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कल विधानसभा में प्रस्तुत बजट पर प्रतिक्रिया दी और बजट पर कहा कि बजट में प्रदेश के सर्वांगीण विकास का रोडमैप दिखाई देता है। मुख्यमंत्री डॉ यादव के नेतृत्व में बजट में gyan गरीब, युवा, अन्नदाता और महिला सशक्तिकरण के साथ साथ इंडस्ट्रीयलाईजेशन और इंफ्रास्ट्रक्चर को भी जोड़ा है, जो इस अमृतकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी विकसित भारत की संकल्पना में प्रदेश की भागीदारी को सुनिश्चित करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का अच्छे बजट पर आभार भी मिश्रा ने व्यक्त किया और कहा कि रोलिंग बजट में आगामी 3 वर्षों की कार्ययोजना का खाका प्रस्तुत किया गया है, यह रोलिंग बजट देश के अन्य राज्यों के लिए रोल मॉडल बनेगा।

**सबका साथ - सबका विकास के मंत्र से विकास की उड़ान -विजयवर्गीय-** मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बयान में कहा कि सबका साथ, सबका विकास के मंत्र के साथ मध्य प्रदेश विकास की नई उड़ान भर रहा है। आज विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तुत बजट आत्मनिर्भर एवं विकसित मध्य प्रदेश के संकल्प का मजबूत आधार है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की GYAN की सोच के अनुरूप यह बजट गरीब, युवा, किसान और मातृशक्ति को सशक्त करने की दिशा में ठोस कदम है। प्रदेश के युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। किसानों के सशक्तिकरण के लिए पूरे वर्ष विभिन्न गतिविधियां आयोजित होंगी। लाड़ली बहनों को सशक्त बनाने का अभियान जारी रहेगा। शहरों के सर्वांगीण विकास के लिए भी हमारी सरकार प्रतिबद्ध है।

**गरीब, युवा, किसान और मातृशक्तियों वाला बजट -भार्गव-** महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि एतिहासिक बजट है, इस बजट के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा जी को धन्यवाद देता हूँ कि उन्होंने गरीब, युवा अन्नदाता और नारी कल्याण के लिए समर्पित बजट बनाया है। साथ ही बजट में एग्रीकल्चर, इन्फ्रास्ट्रक्चर और इंडस्ट्रीयल डेवलपमेंट के साथ साथ शहरी विकास पर पूरा फोकस किया गया है।

**नारी सशक्तिकरण के लिए विशेष प्रावधान अच्छी बात -गौड़-** विधायक मालिनी गौड़ ने बजट में नारी सशक्तिकरण के लिए विशेष प्रावधान किए जाने को अच्छा बताया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व महिला हितैषी सरकार ने 23882 करोड़ रुपये का प्रावधान कर भ्रमित करने वाले को जवाब दिया है। साथ ही लाडली लक्ष्मी योजना, यशोदा दुग्ध प्रदाय योजना से 8 वीं कक्षा तक के बच्चों का स्वास्थ्य मजबूत बनेगा। वहीं विधायक महेन्द्र हार्डिया ने कहा कि यह बजट हर वर्ग, हर तबके के कल्याण वाला बजट है। विधायक मधु वर्मा ने कहा कि शहरी और ग्रामीण विकास का पूरा ध्यान रखा गया है। विधायक गोलू शुक्ला, रमेश मेंदोला ने भी बजट की तारीफ की।



# बजट में विकास का नया रोड मैप -भाजपा सहमीडिया प्रभारी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भाजपा के प्रदेश सहमीडिया प्रभारी दीपक जैन टीनू ने प्रदेश सरकार के बजट पर प्रतिक्रिया दी और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जनहितैषी संकल्पों को पूरा करने के लिए प्रदेश सरकार खासतौर से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किसानों के लिए 3 हजार करोड़ रुपये खर्च कर 1 लाख सोलर पंप उपलब्ध कराने का निर्णय प्रदेश के कृषि क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। साथ ही मत्स्य उत्पादन, सिंचाई और ग्रामीण सड़क निर्माण जैसे क्षेत्रों में बड़े निवेश से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत आधार मिलेगा। मुख्यमंत्री मजरा-टोला सड़क योजना और सड़क मरम्मत के लिए हजारों करोड़ का प्रावधान दूरस्थ क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य करेगा। इस बजट में विकास का नया रोड मेप नजर आ रहा है, जो ग्रामीण उत्थान, उद्योग और सर्वहारा सशक्तिकरण का बजट है।

## संपादकीय

### फ्रांस से 'विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी', क्या भारत की ताकत अब व्यापार से रक्षा तक बदलेगी समीकरण

नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बीच मंगलवार को मुंबई में हुई वार्ता के दौरान बनी सहमति के बाद इक्कीस समझौतों को स्वीकृति दी गई। इस साझेदारी को वैश्विक स्थिरता और रणनीतिक दृष्टिकोण से कई मायनों में महत्त्वपूर्ण माना जा रहा है। बदलते दौर में भू-राजनीतिक उथल-पुथल और अनिश्चितताओं के बीच भारत आर्थिक एवं रणनीतिक स्तर पर सहयोग बढ़ाने के लिए विभिन्न देशों के साथ साझेदारी को और व्यापक बनाने की राह पर आगे बढ़ रहा है। ब्रिटेन, यूरोपीय संघ और अमेरिका के साथ व्यापार समझौतों के बाद भारत ने अब फ्रांस के साथ द्विपक्षीय संबंधों को 'विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी' में बदल दिया है। इसके तहत दोनों देशों ने रक्षा, व्यापार और निवेश समेत कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया है। नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बीच मंगलवार को मुंबई में हुई वार्ता के दौरान बनी सहमति के बाद इक्कीस समझौतों को स्वीकृति दी गई। इस साझेदारी को वैश्विक स्थिरता और रणनीतिक दृष्टिकोण से कई मायनों में महत्त्वपूर्ण माना जा रहा है। इससे न केवल द्विपक्षीय व्यापार और आधुनिक प्रौद्योगिकी के आदान-प्रदान में संभावनाओं के नए द्वार खुलेंगे, बल्कि रक्षा के मोर्चे पर भी भारत की स्थिति मजबूत होगी। पिछले दिनों भारत ने ब्रिटेन और ओमान के साथ व्यापार समझौते किए थे। उसके बाद न्यूजीलैंड और फिर यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया गया। हाल में भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते का एलान किया गया, जिसके परिणामस्वरूप अमेरिका ने भारत पर लगाए गए पचास फीसद शुल्क को घटाकर अठारह फीसद कर दिया। इसमें दोराय नहीं कि अमेरिका की ओर से भारत पर भारी-भरकम शुल्क लगाए जाने के बाद देश का निर्यात कारोबार प्रभावित हुआ। इस संकट से निपटने के लिए भारत ने अपने उत्पादों के वास्ते दुनिया के विभिन्न देशों में वैकल्पिक बाजार तलाशने की हरसंभव कोशिश की तथा व्यापार समझौतों की शक्ल में उसके सफल नतीजे भी सामने आए। अब फ्रांस के साथ विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी से भारत के व्यापार, प्रौद्योगिकी और रक्षा क्षेत्र में सशक्तीकरण की संभावनाओं को और बल मिलेगा। भारत और फ्रांस ने परस्पर निवेश को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष समझौता किया है, जिससे दोनों देशों के नागरिकों और कंपनियों को अब दोहरा कर नहीं देना पड़ेगा। इससे द्विपक्षीय व्यापार, निवेश और आवागमन को नई गति मिलेगी। गौरतलब है कि फ्रांस की मदद से कर्नाटक के वेमागल में एयरबस एच-125 हेलिकाप्टरों के निर्माण के लिए कलपुर्जों को जोड़ने का कारखाना भी स्थापित किया गया है, जहां अब काम शुरू हो गया है। यहां दुनिया के ऐसे शक्तिशाली हेलिकाप्टर का निर्माण किया जाएगा, जो विश्व की सबसे ऊंची पर्वत चोटी माउंट एवरेस्ट की ऊंचाई तक उड़ान भरने में सक्षम होगा। द्विपक्षीय रक्षा सहयोग बढ़ाने के लिए भारत और फ्रांस के बीच 'हैमर' मिसाइलों के उत्पादन को लेकर भी अहम समझौता हुआ है। इसके तहत भारत इलेक्ट्रानिक्स लिमिटेड और फ्रांसीसी रक्षा कंपनी सैफरान संयुक्त उद्यम स्थापित करेगी। यह सच है कि फ्रांस, भारत के सबसे पुराने रणनीतिक साझेदारों में से एक है और अब दोनों देशों के बीच सहयोग का नया अध्याय शुरू हो रहा है। विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी की पहल फ्रांस की विशेषज्ञता और भारत की विशाल क्षमता को एक साथ लाने का प्रयास है और इससे निश्चित तौर पर भारत की विनिर्माण एवं निर्यात क्षमताओं में इजाफा होगा। भारत दौरे पर आए फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुंबई में मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं की साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस भी हुई। फ्रांसिसी राष्ट्र प्रमुख इमैनुअल मैक्रों से बातचीत और साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में पीएम मोदी ने कहा है कि अब ऐसे हेलीकॉप्टर बनाए जाएंगे, जो कि माउंट एवरेस्ट की ऊंचाई पर भी उड़ सकेगा।

# मकान मालिक की करतूत... अकेली पाकर किराएदार युवती से की छेड़छाड़

## शोर मचाने पर दी जान से मारने की धमकी

**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में एक युवती ने अपने मकान मालिक पर छेड़छाड़ और गंभीर प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं। आरोपी पिछले दो वर्षों से युवती पर बुरी नजर रखे हुए था और मौका पाकर उसने युवती के साथ अश्लील हरकत की। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक, 24 वर्षीय पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि वह आरोपी चंद्रशेखर के मकान में किराए से रहती है। आरोपी पिछले दो वर्षों से उसे बुरी नीयत से देखता था, जिसे पीड़िता अब तक नजरअंदाज करती आ रही थी। घटना 25 जनवरी दोपहर करीब 3:00 बजे की है। पीड़िता घर की गैलरी में अकेली खड़ी थी, तभी आरोपी चंद्रशेखर वहां पहुंचा। पीड़िता को अकेला पाकर उसने पीछे से आकर उसके साथ गलत तरीके से छेड़छाड़ की और बुरी नीयत से हाथ फेरा। अचानक हुई इस हरकत से पीड़िता घबरा गई और उसने चिल्लाना शुरू कर दिया। जब पीड़िता ने आरोपी का कड़ा विरोध किया और शोर मचाया, तो आरोपी चंद्रशेखर ने उसे डराते हुए धमकाया। उसने कहा कि 'यदि तूने यह बात अपने पापा या भाई को बताई, तो मैं तुझे जान से खत्म कर दूंगा।' डरी-सहमी पीड़िता ने हिम्मत जुटाकर थाने पहुंचकर आरोपी की सच्चाई उजागर की। बाणगंगा पुलिस ने आरोपी चंद्रशेखर बाटु के खिलाफ छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# कार सवार की दबंगाई, ट्रक को ओवरटेक कर रुकवाया

## ड्राइवर को पीटा और ट्रक के कांच फोड़े

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।**

तेजाजी नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कैलोद करताल फाटा के पास सड़क पर सरेराह गुंडागर्दी का मामला सामने आया है। एक कार चालक ने ट्रक को लापरवाही पूर्वक ओवरटेक कर टक्कर मार दी और विरोध करने पर ट्रक ड्राइवर के साथ मारपीट कर वाहन में तोड़फोड़ कर दी। पुलिस ने कार नंबर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक, फरियादी सुरेंद्र कालीराणा निवासी ग्राम कराड़ी, जिला जोधपुर, राजस्थान अपने ट्राला ट्रक को लेकर तेजाजी नगर क्षेत्र से गुजर रहे थे। कैलोद करताल फाटा के समीप एक सफेद रंग की कार क्रमांक एमपी-09 डब्ल्यूडी 4768 के चालक ने तेजी और लापरवाही से ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश की। इस दौरान कार ट्रक से टकरा गई। हादसे के बाद कार चालक ने ट्रक को रुकवाया और ट्रक ड्राइवर सुरेंद्र के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए गालियां देना शुरू कर दिया। जब सुरेंद्र ने गाली देने से मना किया, तो आरोपी ने उनके साथ मारपीट की। इतना ही नहीं, कार सवार ने ट्रक के सामने का कांच भी तोड़ दिया, जिससे ट्रक मालिक को काफी नुकसान हुआ है। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी अपनी कार लेकर मौके से फरार हो गया। फरियादी ने तत्काल तेजाजी नगर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने कार नंबर एमपी-09 डब्ल्यूडी 4768 के आधार पर अज्ञात चालक के विरुद्ध मारपीट, तोड़फोड़ और धमकी देने की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है।




# डीजे साउंड की गाड़ी पुलिस ने की जब्त

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** आजद नगर पुलिस ने प्रशासन के निर्देश का उल्लंघन करने वाला साउंड सिस्टम डीजे वाहन को जब्त किया। परीक्षाओं के समय प्रतिबंधित तेज आवाज में डीजे साउंड की आयशर गाड़ी एमपी-13 झेडके 1386 सांवरिया धाम मंदिर के पास से जब्त किया। वाहन चालक नितिन निर्धारित समय सीमा का उल्लंघन कर साउंड बजा रहे थे। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी लोकेशसिंह भदौरिया एवं संदीप पाटीदार, गजेन्द्र सिंह, ललित परमार, सुरेश चौहान की भूमिका रही।

## पुलिस का 'कॉम्बो ऑपरेशन'..द्वारकापुरी की नाथ बस्ती में आधी रात दबिश



**इंदौर।** शहर में अपराधियों और नशा माफियाओं के विरुद्ध इंदौर पुलिस का कड़ा प्रहार जारी है। बीती रात द्वारकापुरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली कुख्यात नाथ बस्ती में पुलिस के आला अधिकारियों ने भारी बल के साथ 'कॉम्बो ऑपरेशन' चलाकर सघन तलाशी ली। इस अचानक हुई कार्रवाई से क्षेत्र के असामाजिक तत्वों और लिस्टेड बदमाशों में हड़कंप मच गया। मुखबिर से मिली पुख्ता सूचना के आधार पर रात करीब 11:00 बजे एडिशनल डीसीपी (ज़ोन-4) दिशेष अग्रवाल और एसीपी शिवेंदु जोशी सीधे द्वारकापुरी थाने पहुंचे। यहाँ से थाना प्रभारी मनीष मिश्रा और पुलिस बल को साथ लेकर टीम सीधे नाथ बस्ती पहुंची और पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी।

**हथियार और अवैध शराब जब्त-** पुलिस टीम ने बस्ती में संदिग्ध ठिकानों और बदमाशों के घरों की सघन सर्चिंग की। इस दौरान एक आरोपी को अवैध चाकू के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया, जिस पर आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। एक अन्य आरोपी को अवैध शराब की तस्करी करते हुए पकड़ा गया, जिसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

**ड्रग तस्कर सीमा नाथ के घर की तलाशी-** थाना प्रभारी मनीष मिश्रा ने बताया कि इस सर्चिंग ऑपरेशन का मुख्य उद्देश्य नशे के कारोबार की कमर तोड़ना था। कार्रवाई के दौरान पिछले दिनों पकड़ी गई कुख्यात महिला ड्रग तस्कर सीमा नाथ के घर और उसके सहयोगियों के ठिकानों की भी बारीकी से तलाशी ली गई।

# मैदान में जुआ खेलते छह लोग गिरफ्तार

**इंदौर।** चंदननगर क्षेत्र में सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे छह लोगों को पुलिस ने दो अलग-अलग कार्रवाई में गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से नगदी और ताश की गड्डियां जब्त की गई हैं।

चंदननगर पुलिस के अनुसार कल शाम चंदन नगर शौचालय के पीछे स्थित खाली मैदान में कुछ लोग जुआ खेल रहे थे। पहली कार्रवाई में राहुल सोहरे, गुलाबचंद सुरागे और आशीष गंधारे को पकड़ा। इनके कब्जे से 1500 रुपये नगद और 52 ताश के पत्ते बरामद हुए। इसी स्थान पर कुछ देर बाद दूसरी कार्रवाई में अजय गंधारे, दिनेश सुरागे और राज सुसारे को हार-जीत का जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया गया। इनके पास से भी 1500 रुपये नगद और 52 ताश के पत्ते जब्त किए गए। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सूने मकान का ताला तोड़कर लाखों के जेवर व किए नकदी उड़ाए

**इंदौर।** परदेशीपुरा क्षेत्र में सूने मकान को निशाना बनाकर अज्ञात बदमाश द्वारा ताला तोड़कर जेवरात और नकदी चोरी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक घटना क्लर्क कॉलोनी स्थित मकान नम्बर 426 की है।फरियादिया वंशिका शर्मा ने पुलिस को बताया कि सुबह करीब 10:30 बजे से दोपहर के बीच किसी अज्ञात व्यक्ति ने मकान का ताला तोड़कर अंदर घुसा। आरोपी ने अलमारी में रखे पुराने उपयोग के एक जोड़ी सोने के ईयर रिंग्स, एक सोने की अंगूठी, एक जोड़ी चांदी की पायल, एक चांदी का सिक्का और करीब 25 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। मामले में परदेशीपुरा पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है और संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है।



# औद्योगिक क्षेत्र बिजली आपूर्ति में सुधार होगा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह के निर्देश पर नेमावर रोड औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगपतियों के साथ बिजली अधिकारियों की समन्वय बैठक कल आयोजित की गई। इसमें औद्योगिक संघ की ओर से संजय बड़जात्या, मुदित गोयल, अनंत मोदी, अमित गोयल, अनूप पाहूजा, सक्षम सुराना, विद्युत कंपनी के मुख्य अभियंता आरसी जैन, अधीक्षण अभियंता डॉ. डीएन शर्मा, कार्यपालन अभियंता विनय प्रताप सिंह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान ट्रिपिंग घटाने एवं वितरण क्षमता के बेहतरी के लिए जरूरी कार्य करने के सुझाव दिए गए। अधिकारियों ने उचित कार्रवाई की बात कही। अभियंताओं ने अति उच्चदाब एवं उच्चदाब सब स्टेशनों का भी निरीक्षण किया। 33/11 केवी सब स्टेशन पर भी सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

## सम्भागायुक्त ने किया निरीक्षण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सम्भागायुक्त डा. सुदामा खाडे ने प्रशासनिक संकुल स्थित राजस्व न्यायालयों का निरीक्षण किया। उन्होने दो तहसीलदार, दो अनुविभाग और दो अपर कलेक्टर कोर्ट का रोस्टर निरीक्षण कर प्रकरणों की वस्तुस्थिति देखी। सम्भागायुक्त डॉ. खाड़े ने दो-राजस्व तहसील न्यायालयों में बिचौली हप्सी व जूनी इंदौर तथा इन्हीं क्षेत्र के अनुविभागीय राजस्व न्यायालयों का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर कलेक्टर शिवम वर्मा भी मौजूद थे।

## न्यायिक सेवा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को विशेष मार्गदर्शन अवसर

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** न्यायिक सेवा में करियर बनाने का सपना देख रहे युवाओं के लिए 'कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम' के माध्यम से सिविल जज, कनिष्ठ श्रेणी (प्रवेश स्तर) परीक्षा की तैयारी हेतु विशेष मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। अधिवक्ताओं एवं अभ्यर्थियों के लिए मध्यप्रदेश न्यायिक अकादमी उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा संचालित इस कार्यक्रम का उद्देश्य सही दिशा और बेहतर तैयारी का अवसर प्रदान करना है। कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष रूप से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य वर्गों के अभ्यर्थियों को न्यायिक सेवा परीक्षा की तैयारी में सहयोग दिया जा रहा है। प्रशिक्षण ऑनलाइन माध्यम से आयोजित किया जा रहा है, जिससे अभ्यर्थी विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में अपनी तैयारी को मजबूत बना सकें।

## वेंकटेश देवस्थान पर पुष्प बंगला आज

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** गुमाश्ता नगर तिरुपति बालाजी वेंकटेश देवस्थान, श्रीधर धाम पर चल रहे वार्षिकोत्सव के दौरान आज फूलबंगला सजाया जाएगा। फूलबंगला के साथ कत्थक नृत्य कला विशेष आकर्षण का केन्द्र होगा। इससे पहले कल भगवान वेंकटेश का अष्टोत्तरशत महाकलशाभिषेक किया गया। शाम को यात्रा भी निकाली गई।

# हमारी टीम ने भारत को 14-15 ओवर तक कंट्रोल में रखा

**अहमदाबाद।** नीदरलैंड्स को भारत के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप के 36वें मुकाबले में 17 रनों से हार का सामना करना पड़ा। नीदरलैंड्स की यह इस वर्ल्ड कप की तीसरी हार है। भारत को उन्होंने टक्कर तो दी, मगर वह जीत दर्ज नहीं कर पाए।

सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम इंडिया ने नीदरलैंड्स को 17 रनों से हराकर टी20 वर्ल्ड कप 2026 में जीत का चौका लगाया। भारत ने ग्रुप स्टेज के अपने सभी मुकाबले जीतकर सुपर-8 में कदम रखा। वहीं नीदरलैंड्स 4 में से तीन मैच हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई है। नीदरलैंड्स के खिलाफ भारत ने पहले बैटिंग करते हुए 193 रन बोर्ड पर लगाए थे, जिसके जवाब में नीदरलैंड्स की टीम निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 176 रन ही बना पाई। नीदरलैंड्स के कप्तान का कहना है कि उनकी टीम ने भारत को 14-15 ओवर तक कंट्रोल में रखा, मगर आखिरी में गलत एग्जीक्यूशन के चलते मैच उनके हाथ से फिसल गया।

नीदरलैंड्स के कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने मैच के बाद कहा, हमने सच में बहुत अच्छी शुरुआत की। आर्यन को बहुत क्रेडिट जाता है। वह कुछ सालों से हमारे लिए शानदार रहा है। हमें लगा कि हम गेम में सही हैं (कुछ समय के लिए)।

हम जानते हैं कि उनके पास हर तरह से फायरपावर है। उन्हें 14-15 ओवर तक कंट्रोल में रखना शानदार था। कुछ मौके चूक गए, गलत एग्जीक्यूशन हुआ और ये लोग आपको इसका खामियाजा भुगतने पर मजबूर कर देंगे। उनके पास विकेट थे, और उन्होंने आखिर में कुछ ओवर बचा लिए।

इस टी20 वर्ल्ड कप से नीदरलैंड्स को क्या सीख मिली? इसके जवाब में नीदरलैंड्स के कप्तान बोले, जब भी आप यहां आते हैं, आप बहुत कुछ सीखते हैं। ग्राउंड छोटे होते हैं, पिचें फ्लैट होती हैं, भीड़ ज्याद होती है और बहुत हाइप होती है। एक ग्रुप के तौर पर, हमें बड़े पलों में अच्छा खेलने पर गर्व है। अच्छा खेला लेकिन खास पलों में - हमें उन पलों का फायदा उठाना होगा।

नीदरलैंड्स के खिलाफ भारत की जीत के हीरो शिवम दुबे रहे। नंबर-5 पर आकर उन्होंने 31 गेंदों पर 4 चौकों और 6 गगनचुंबी छक्कों की मदद से 66 रनों की धुआंधार पारी खेली। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 212.90 का था। इसके बाद दुबे ने गेंदबाजी में भी 2 विकेट चटकाए।

नीदरलैंड्स के कप्तान जिस आर्यन दत्त की बात कर रहे हैं, उन्होंने भारत के खिलाफ गेंदबाजी की शुरुआत करते हुए सबसे पहले अभिषेक शर्मा का विकेट चटकाया, उसके बाद उन्होंने ईशान किशन को भी पवेलियन का रास्ता दिखाया। आर्यन दत्त ने अपने 4 ओवर के कोटे में मात्र 19 रन खर्च कर यह 2 विकेट लिए। हालांकि वह बल्ले से कमाल नहीं दिखा पाए, वरुण चक्रवर्ती ने उन्हें गोल्डन डक पर आउट किया।

## टी-20 विश्वकप में लगातार एक दर्जन मैच जीतने वाली पहली टीम बनी इंडिया

**नई दिल्ली।** टी-20 विश्व कप 2026 के ग्रुप स्टेज के आखिरी मुकाबले में भारत ने नीदरलैंड को 17 रनों से हराकर सुपर-8 में धमाकेदार एंट्री मारी है। भारतीय टीम ने ग्रुप स्टेज के सभी चार मुकाबले जीते हैं और 8 अंकों के साथ ग्रुप ए में टॉप में फिनिश किया है। इस जीत के साथ भारतीय टीम ने टी-20 विश्व कप के इतिहास में अपने सबसे अधिक लगातार जीत के आंकड़े को और अधिक मजबूती से स्थापित किया है। भारतीय टीम ने 2024 विश्व कप से लेकर मौजूदा चल रहे 2026 विश्व के दरमियान लगातार 12 मुकाबले जीत लिए हैं और यह सिलसिला लगातार चलता जा रहा है। भारतीय टीम दुनिया की एकमात्र ऐसी टीम है, जिसने टी-20 विश्व कप के इतिहास में लगातार 12 जीत का आंकड़ा छुआ है। इस सूची में दूसरे नंबर पर दक्षिण अफ्रीका है, जिसने लगातार 8 जीत दर्ज की है।

## कुश्ती प्रतियोगिता के लिए तीन बालिकाएं, एक बालक का चयन



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कल छोटा नेहरू स्टेडियम कुश्ती प्रतियोगिता अण्डर-15 बालक-बालिकाओं के लिए आयोजित हुई। यहां से ताराचंद दादा बालिका रेसलिंग सेंटर की तीन बालिका निधिका पाल उर्फ कुकी मिस्त्री अविशा जोशी इशिका पटेल सूर्यांश राठौर का चरन राज्य कुश्ती प्रतियोगिता के लिए किया गया ये प्रतियोगिता 21 से 23 फरवरी 2026 तक जबलपुर में आयोजित की जाएगा। विधायक मधु वर्मा, कमल वर्मा, नरेश वर्मा, मुकेश वर्मा, रमेश मिस्त्री पहलवान, प्रीति मिस्त्री, संतोष कुशवाहा, पवन वर्मा, महेश, गुलशन यादव, रामशंकर वर्मा, फूलचंद वर्मा, अभिषेक पाठक, ममता वर्मा, सीमा राठौर, रूपमती वर्मा, स्नेहा वर्मा, अंजली वर्मा ने बधाई दी।


**इन्दौर नगर पालिक निगम**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री गणेश पिता हरिभाऊ सोनवणे** पता 99 टापू नगर इन्दौर झोन क्र. 03 वार्ड 56 राजस्व विभाग पर पिन नं. 1000882202 पर आवेदन प्रस्तुत कर दर्ज नाम पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्र.03 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रं. 03**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**

**इन्दौर नगर पालिक निगम**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **महक पति सुमित कटारिया** वार्ड नं. 67 पता 89-90 क्राटजू कालोनी एस.आर.के. कार्नर 201 फ्लेट इन्दौर झोन क्र. 02 राजस्व विभाग पर पिन नं. 1003090817 पर आवेदन प्रस्तुत कर दर्ज नाम पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्र.02 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रं. 02**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**

**इन्दौर नगर पालिक निगम**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **सत्येन्द्रसिंह भदौरिया पिता स्व. कोकसिंह भदौरिया** पता ओ/1 एच.आय.जी. कालोनी, 103 अमेय अपार्टमेंट इन्दौर झोन क्र. 09 राजस्व विभाग पर पिन नं. 1001030868 पर आवेदन प्रस्तुत कर दर्ज नाम पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्र.09 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रं. 09**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**

**इन्दौर नगर पालिक निगम**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री सुरेश पिता स्व. मोलरचंदजी अग्रवाल** पता 31/2 काछी मोहल्ला न्यू सियागंज यूनिट बी-04 इन्दौर झोन क्र. 03 वार्ड 56 राजस्व विभाग पर पिन नं. 1000881644 पर आवेदन प्रस्तुत कर दर्ज नाम पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्र.03 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रं. 03**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**

**इन्दौर नगर पालिक निगम**
**मोती तबेला झोन-32**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **मनीष पिता स्व. पारसमल सुराना** द्वारा पंजीयन कार्यालय मोती तबेला स्थित निगम काउंटर झोन क्र. 32 राजस्व विभाग पर पिन नं.1001231149 पता 273 कालानी नगर जी-1 गोदावरी अपार्टमेंट इन्दौर के दर्ज नाम पर नाम पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.32 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**मोती तबेला झोन-32**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**

## चयनित कुश्ती टीम जबलपुर पहुंचेगी



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। विक्रम अवार्डी ओमप्रकाश खत्री ने बताया की इंदौर जिला कुश्ती टीम का चयन हुआ, अंडर 15 फ्री स्टाइल -योगेश्वर, ईशांत,अर्जुन यादव, तनिष्क, सूर्यांश, विवेक, नैतिक, ऋषभ, श्याम यादव, यशराज। ग्रीकोरोमन- वेदांत राठौर, धीरेंद्र यादव, कृष्ण यादव, श्लोक प्रजापति, मोहित, नैतिक कुमार, प्रिंस पटेल, श्रीयांश बौरासी। बालिका वर्ग- इशिता, नव्या पाल, अपेक्षा बैस, वंशिका वर्मा, हवीसा जोशी, प्रियांशी कौशल, अंजलि प्रजापत, निधिका पाल कोच थे। गोविंद गुज्जर, विकास यादव, केजेश यादव, रिंकू यादव, अंतरराष्ट्रीय अरविंद पटेल रेल्वे, कपिल येगाड़े, मनीष मोहाले है। यह कुश्ती दल अंडर-15 जबलपुर राज्य कुश्ती स्पर्धा में भाग लेने 21 से 23 फरवरी को जायेगी।

## सुपर ओवर में एलएसजीसीए जीता

इंदौर । आईडीसीए के तत्वाधान में एसवीसीए द्वारा आयोजित एवं प्रायोजित एसवीसीए टी-20 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत एलएसजीसीए एवं विजय क्लब के मध्य निर्धारित 12 ओवरो का मैच खेला गया जिसमें विजय क्लब ने पहले खेलते हुए 12 ओवरो में सभी विकेट खोकर 102 रन बनाए। प्रारब्ध मिश्रा ने 4 विकेट लिए । जवाब में एलएसजीसीए की टीम ने भी 12 ओवरो में 6 विकेट खोकर 102 रन बनाए और यह मैच टाई हो गया। मैच के परिणाम हेतु सुपर ओवर का सहारा लिया गया जिसमें एलएसजीसीए ने बाजी मार ली और यह मैच जीत लिया ।

**सीसीआय की आसान जीत-** इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य सीसीआय एवं जय गिरनारी के मध्य मैच खेला गया जिसमें सीसीआय ने पहले खेलते हुए 20 ओवरो में 6 विकेट पर 173 रन बनाए। अर्पित पटेल ने 48 रन बनाए। जवाब में जय गिरनारी की टीम 20 ओवरो में 9 विकेट खोकर 138 रनों पर सिमट गई और यह मैच 35 रनों से हार गई । सचिन मण्डलोई ने सर्वाधिक 39 रन बनाए । राज सिंह चौहान ने 4 विकेट लिए ।



**स्टार क्लब की रोमांचक जीत–** इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच स्टार क्लब एवं आरबीसीएफ के मध्य खेला गया जिसमें स्टार क्लब ने पहले खेलते हुए 20 ओवरो में सभी विकेट खोकर 159 रन बनाए। अकाश देवजानी ने 58 रन बनाए। सचिन यादव व विराग निदान ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में आरबीसीएफ की टीम 20 ओवरो में 7 विकेट खोकर 155 रन ही बना सकी और यह मैच 4 रनों के मामूली अंतर से हार गई । लाभांश जायवाल ने 3 विकेट लिए।



# जीत के बाद हार्दिक, शिवम पर कप्तान ने दिखाया भरोसा

अहमदाबाद। टी20 वर्ल्ड कप 2026 के अपने आखिरी ग्रुप स्टेज मुकाबले में भारतीय टीम ने नीदरलैंड्स को 17 रनों से हराकर अपनी अजेय लय बरकरार रखी है। 194 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी डच टीम को भारतीय गेंदबाजों ने निर्धारित ओवरों में रोक दिया। इस रोमांचक जीत के बाद भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टीम के प्रदर्शन, ओस की चुनौती और मिडिल ऑर्डर की ताकत पर खुलकर बात की। उन्होंने जीत पर संतोष जताते हुए कहा कि टीम ने लगभग सभी पैमानों पर अच्छा प्रदर्शन किया है।



ओस और परिस्थितियों के बारे में बात करते हुए सूर्या ने कहा, जाहिर है, हम पहले बल्लेबाजी करना चाहते थे। हमने 190 का स्कोर बनाया और जब हम गेंदबाजी के लिए आए, तो थोड़ी ओस थी जो गेंदबाजों के लिए चुनौतीपूर्ण थी, लेकिन कुल मिलाकर दिन के अंत में मैं बहुत खुश हूं।' कप्तान ने आगे कहा कि भविष्य में भी ऐसी स्थितियां आ सकती हैं। उनके अनुसार, 'हो सकता है कि हमें धीमी शुरुआत मिले, लेकिन सभी बल्लेबाजों के लिए यह समझना बहुत महत्वपूर्ण है कि जिम्मेदारी क्या है और बीच के ओवरों में विकेट कैसा खेल रहा है। हमारे पास हार्दिक, शिवम, रिंकू, अक्षर या वाशी के रूप में पर्याप्त मारक क्षमता है जो गेम को अच्छे से फिनिश कर सकते हैं।

**शिवम दुबे की जमकर की तारीफ–** मैच में शानदार बल्लेबाजी करने वाले शिवम दुबे की तारीफ करते हुए सूर्यकुमार ने कहा, मुझे लगता है कि यह अच्छी पारी बकाया थी। उन्होंने बीच के ओवरों में जिस तरह से बल्लेबाजी की, उससे सभी का दबाव कम हो गया और इस विकेट पर 190 तक पहुंचना एक बहुत अच्छा स्कोर था। गेंदबाजी विकल्पों पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए उन्होंने मजाकिया लहजे में कहा, कभी-कभी इतने सारे विकल्प होना एक अच्छा सिरदर्द होता है। मेरे पास अभिषेक शर्मा, हार्दिक और दुबे जैसे कई विकल्प हैं। विकेट की मांग के अनुसार वे कुछ ओवर डाल सकते हैं।

## जिला मास्टर्स बैडमिंटन स्पर्धा आज से

इंदौर। जिला बैडमिंटन संगठन द्वारा आयोजित सिम्बायोटेक ट्रॉफी 9वीं इंदौर जिला मास्टर्स (वेटरन्स) बैडमिंटन स्पर्धा आज से नेहरु स्टेडियम बैडमिंटन हाल में होगी, इंदौर जिला बैडमिंटन संगठन सचिव आर पी सिंह नैयर ने बताया कि स्पर्धा में 35+ से 80+ तक आयु वर्गो के पुरुष और महिला एकल और युगल, मिश्रित युगल के मुकाबले होंगे, स्पर्धा के मुकाबले 19 फरवरी को शाम 6.30 बजे से नेहरु स्टेडियम के दो कोर्ट पर खेले जाएंगे, स्पर्धा का उद्घाटन रात 8 बजे होगा। स्पर्धा 22 फरवरी तक होगी। 35+, 40+, 45+, 50+, 55+,60+, 65+, 70+ और 75+ आयु वर्गो के मुकाबले होंगे। स्पर्धा के प्रदर्शन के आधार पर इंदौर जिला टीम की घोषणा होगी, जो आठवीं मप्र राज्य मास्टर्स बैडमिंटन स्पर्धा में हिस्सा लेगी जो 5 मार्च से भोपाल में हैं।

## इस तरह के हालात में बल्लेबाजी करना पसंद है मुझे: शिवम

अहमदाबाद। भारतीय ऑलराउंडर शिवम दुबे ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप ए मैच में नीदरलैंड के खिलाफ भारत की जीत के बाद कहा कि वह बल्लेबाजी करते हुए दबाव में थे लेकिन उन्हें इस तरह के हालात में बल्लेबाजी करना पसंद है। भारत के 194 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नीदरलैंड की टीम चक्रवर्ती (14 रन पर तीन विकेट) और शिवम दुबे (35 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने सात विकेट पर 176 रन ही बना सकी।



दुबे ने इससे पहले अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी के दौरान 31 गेंद में छह छक्कों और चार चौकों से 66 रन की पारी खेलने के अलावा हार्दिक पंड्या (21 गेंद में 30 रन, तीन छक्के) के साथ पांचवें विकेट के लिए 35 गेंद में 76 रन की साझेदारी की जिससे भारत ने छह विकेट पर 193 रन बनाए। कप्तान सूर्यकुमार यादव (34) और तिलक वर्मा (31) ने भी उपयोगी पारियां खेली।

मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए दुबे ने भारत की 17 रन की जीत के बाद कहा, स्थिति थोड़ी मुश्किल थी लेकिन यह ऐसी स्थिति है जिसमें मुझे बल्लेबाजी करना पसंद है। मैं लुत्फ उठा रहा था। हालांकि मुझ पर दबाव था।

उन्होंने कहा, गेंद स्किड हो रही थी और नीची रह रही थी। एक गेंद काफी स्पिन भी हुई। मुझे पता था कि मैं बड़े शॉट खेल सकता हूं लेकिन स्थिति की मांग शुरुआत में कुछ अलग थी। मैं बाउंड्री मारने की कोशिश करता हूं और छक्के मारने में मजा आता है। मुझे पता है कि सभी गेंदबाज मुझे छकाने की कोशिश करेंगे। धीमी गेंद डालेंगे इसलिए मैंने खुद को तैयार किया।

दुबे ने कहा कि वह अपनी बल्लेबाजी के साथ-साथ गेंदबाजी पर भी काफी मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने कहा, जैसा कि कप्तान और कोच ने मेरे से कहा था कि मुझे स्ट्राइक ऊंचा रखना है। लेकिन यह स्थिति पर भी निर्भर करता है। गेंदबाजी में कड़ी मेहनत कर रहा हूं। नतीजे भी आ रहे हैं। कभी-कभी आपके खिलाफ बड़े शॉट खेले जाएंगे लेकिन आप विकेट भी लेंगे।

## इस खिलाड़ी की टी-शर्ट पहनकर खेलने के बाद भी नहीं बदली अभिषेक की किस्मत

अहमदाबाद। आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 का 36वां मुकाबला भारत और नीदरलैंड्स के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला गया। यह मैच भारत ने 17 रन से जीत लिया। इसी के साथ अब बिना कोई मैच हारे भारत सुपर 8 में पहुंच गया है। हालांकि नीदरलैंड्स के खिलाफ भी भारतीय ओपनर अभिषेक शर्मा का बल्ला खामोश रहा। लगातार तीसरे मैच में अभिषेक बिना खाता खोले ही डक पर आउट हो गए। उनको आर्यन दत्त ने पहले ओवर में ही क्लीन बोल्ड कर दिया। हालांकि अभिषेक जब बल्लेबाजी करने आए थे तो वह अपनी नहीं बल्कि मोहम्मद सिराज की जर्सी पहनकर आए थे। विस्फोटक बल्लेबाज अभिषेक शर्मा नीदरलैंड्स के खिलाफ बल्लेबाजी करने के लिए मोहम्मद सिराज की जर्सी पहनकर आए थे। हालांकि डीएसपी मोहम्मद सिराज की जर्सी भी उनका खाता नहीं खुलवा पाई। अभिषेक के लिए इस वक्त एक रन बनाना मुश्किल हो गया है। वह खाता ही नहीं खोल पा रहे हैं।



# सनातन प्रीमियर लीग का पहला सीजन अगले माह इंदौर में

इंदौर। क्रिकेट, संस्कृति और जीवन मूल्यों के अनूठे संयोजन के साथ सनातन प्रीमियर लीग (एसपीएल) का पहला सीजन मार्च में आयोजित किया जाएगा। इसी क्रम में अब इंदौर में निःशुल्क ट्रायल आयोजित किए जा रहे है। ये ट्रायल गुरुवार को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, इंदौर में होंगे, जहां बड़ी संख्या में युवा खिलाड़ी पहुंचकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।



एसपीएल के संस्थापक विजय शर्मा हैं, जबकि सह-संस्थापक देव जोशी और आनंद मिश्रा हैं। लीग का आयोजन सनातन क्रिकेट क्लब द्वारा किया जा रहा है। लीग का उद्देश्य ऐसे युवाओं तक पहुंचना बताया गया है, जो क्रिकेट से जुड़े तो रहते हैं, लेकिन कई बार जीवन मूल्यों और सामाजिक दिशा से भटक जाते हैं। आयोजकों का मानना है कि खेल को सही मार्गदर्शन और उद्देश्य मिले, तो यह समाज में सकारात्मक बदलाव का प्रभावी माध्यम बन सकता है। एसपीएल के ट्रायल देश के प्रमुख शहरों में आयोजित किए जा रहे हैं। इसमें 15 से 40 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं।

चयनित खिलाड़ियों के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसके बाद वे 12 से 15 मार्च के बीच इंदौर में होने वाले मुख्य टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। लीग का उद्देश्य जमीनी स्तर की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच देना है। मैचों का प्रसारण प्रमुख स्पोर्ट्स चैनलों और ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर किए जाने की बात कही गई है।

लीग को कई संतों और आध्यात्मिक गुरुओं का मार्गदर्शन और आशीर्वाद प्राप्त है। इनमें जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज, देवकीनंदन ठाकुर महाराज, पंडित प्रदीप मिश्रा, चिन्मयानंद बापू महारङ्कद्ध, इंद्रेश उपाध्याय , अनिरुद्धाचार्य महाराज शामिल हैं। आयोजकों का कहना है कि यह पहल केवल खेल आयोजन नहीं, बल्कि अनुशासन, मूल्यों और सांस्कृतिक चेतना से जुड़ा अभियान है।

## राज्य मास्टर्स टेबल टेनिस स्पर्धा 21 फरवरी से

इंदौर। मध्य प्रदेश वेटरंस टेबल टेनिस कमेटी द्वारा प्रदेश के मास्टर्स खिलाड़ियों के लिए किशन चंद मंघनानी स्मृति राज्य मास्टर्स टेबल टेनिस स्पर्धा आयोजित की जा रही हैं। मध्य प्रदेश टेबल टेनिस संगठन के तत्वावधान में राज्य मास्टर्स टेबल टेनिस स्पर्धा स्थानीय अभय प्रशाल में 21 फरवरी से प्रारंभ होगी। मध्य प्रदेश वेटरंस टेबल टेनिस समिति के सचिव गौरव पटेल ने बताया कि पुरुष वर्ग में 40 वर्ष, 45 वर्ष, 50 वर्ष, 55 वर्ष, 60 वर्ष, 65 वर्ष तथा 70 वर्ष आयु वर्ग में मुकाबलें खेले जाएंगे। महिलाओं के लिए 40 से अधिक आयु वर्ग के एकल मुकाबले होंगे। पुरुष वर्ग में युगल और मिश्रित युगल के मुकाबलें भी होंगे। राज्य स्पर्धा के वर्गो में 15 से अधिक जिलों के 150 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। स्पर्धा 9 टेबलों पर अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार होगी। अंतरराष्ट्रीय निर्णायक रामचंद्र मोर्य स्पर्धा के मुख्य निर्णायक मनोनित किए गए है। नवीन सोनी स्पर्धा के उप मुख्य निर्णायक होंगे। उनके साथ ही 12 निर्णायको का दल स्पर्धा का संचालन करेगा। स्पर्धा में प्रदेश के कई पूर्व दिग्गज खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

# बच्चा चोरी की अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस का शिकंजा

## राऊ, खजराना और हीरानगर में एफआईआर, भ्रामक वीडियो जब्त

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**शहर में सोशल मीडिया के जरिए 'बच्चा चोरी' की झूठी खबरें और वीडियो प्रसारित कर दहशत फैलाने वालों के खिलाफ पुलिस ने सख्त रुख अपना लिया है। पुलिस ने राऊ, खजराना और हीरानगर थाना क्षेत्रों में तीन अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए हैं। जांच में पाया गया कि ये सभी वीडियो और पोस्ट पूरी तरह फर्जी थे, जिनका वास्तविकता से कोई लेना-देना नहीं था।**

राऊ थाना क्षेत्र में आदित्य सिंह नामक इंस्टाग्राम आईडी से एक वीडियो साझा किया गया था। इसमें एक महिला को बच्चा चोर बताते हुए दावा किया गया कि राऊ में बच्चा चोरी करने वाली महिला पकड़ी गई है। हजारों बार शेयर हुए इस वीडियो की जब पुलिस ने जांच की, तो पता चला कि क्षेत्र में ऐसी कोई घटना हुई ही नहीं थी।

### कमिश्नर के आदेश का उल्लंघन

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, पुलिस आयुक्त द्वारा पूर्व में जारी आदेश के तहत सोशल मीडिया पर भ्रामक और भय पैदा करने वाली सामग्री पर प्रतिबंध है। अब पुलिस ऐसे अकाउंट्स को ब्लॉक कराने और संचालकों को जेल भेजने की तैयारी में है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी अपुष्ट जानकारी को शेयर न करें।

### पारिवारिक विवाद को दिया 'बच्चा चोरी' का रूप

खजराना क्षेत्र में एक रील के जरिए बच्ची चोरी की खबर फैलाई गई। पुलिस जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि वीडियो में दिख रही महिला दुर्गाबाई असल में बच्ची की सगी दादी थी। दरअसल, बच्ची की मां पिंकी अपने पति को छोड़कर किसी और के साथ रहने लगी थी और वह बच्ची को दादी के पास से ले जाने का प्रयास कर रही थी। इस पारिवारिक विवाद को सोशल मीडिया पर गलत तरीके से 'बच्चा चोरी' बताकर पेश किया गया। पुलिस ने दादी दुर्गाबाई की रिपोर्ट पर केस दर्ज किया है। हीरानगर में 'सच्ची खबर इंदौर' नामक आईडी से एक व्यक्ति की फोटो पोस्ट कर उसे 'बच्चा चोर' बताया गया। पुलिस ने जांच में इसे भी महज एक अफवाह पाया और आईडी संचालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

### युवक के साथ मारपीट

**इंदौर।** माणिक बाग क्षेत्र में आपसी विवाद में आरोपी ने युवक के साथ मारपीट कर दी। थाना जूनी इंदौर पुलिस के मुताबिक विवाद नूरी बिल्डिंग के पास गुलजार कॉलोनी में कल शाम को हुआ। फरियादी मोहम्मद रेहान पिता अब्दुल लतीफ अंसारी की रिपोर्ट पर आरोपी अदनान पिता इशान गनी के खिलाफ केस दर्ज किया गया। फरियादी ने पुलिस को बताया कि मैं नूरी बिल्डिंग के पास खड़ा था तभी आरोपी मेरे पास आया। मैंने बोला कि तू उल्टे-सीधे काम करता है, मेरे पास मत आया कर। इसी बात पर उसने गाली दी और लात-घूंसों से मारपीट कर गिरा दिया जिससे सिर में चोट लगकर खून बहने लगा।जाते जाते आरोपी बोला कि आइंदा मुझसे फालतू बात की तो जान से खत्म कर दूंगा।

# भूमाफिया फारूख उर्फ लंबू पुलिस की गिरफ्त में, रिमांड के दौरान खुलेंगे राज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



**चंदन नगर पुलिस ने क्षेत्र के सक्रिय और कुख्यात भूमाफिया मो. फारूख उर्फ लंबू को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने सैकड़ों गरीब परिवारों को सस्ते प्लॉट का लालच देकर उनसे करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी की है।**

थाना प्रभारी तिलक करोले ने बताया कि गत 13 जनवरी को मुदस्सर नागौरी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के बाद से ही पुलिस आरोपी की तलाश में थी। मंगलवार को सटीक सूचना मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे धरदबोचा। लंबू की गिरफ्तारी की खबर मिलते ही थाने पर पीड़ितों का तांता लग गया। इसी दौरान पीड़िता साईना बी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एक और नया प्रकरण दर्ज किया है।पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी ने जालसाजी से कमाई गई राशि को अपने महंगे शौकों पर खर्च किया। आरोपी पर पहले से ही 6 गंभीर मामले दर्ज हैं, जिनमें से 4 प्रकरण कूट रचित दस्तावेज तैयार करने और भूखंडों की धोखाधड़ी से जुड़े हैं। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान पुलिस उसके अन्य साथियों और बेनामी संपत्तियों के नेटवर्क का खुलासा करेगी।

# जीएनटी मार्केट के पीठे में भीषण आग

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

जीएनटी मार्केट स्थित एक लकड़ी के पीठे में बुधवार देर रात अचानक भीषण आग लग गई। सूखे बुरादे और लकड़ियों के कारण आग ने तेजी से विकराल रूप ले लिया, जिससे पूरे मार्केट क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग को और फैलने से रोका। फायर ब्रिगेड के मुताबिक, आग लगने की सूचना रात करीब 11 बजे मिली। आग जाकिर पिता साहिल अहमद के लकड़ी के पीठे में लगी थी। प्रारंभिक जांच में आग लगने का मुख्य कारण शॉर्ट-सर्किट माना जा रहा है। देखते ही देखते आग ने वहां रखी जलाऊ लकड़ी और भारी मात्रा में रखे बुरादे को अपनी चपेट में ले लिया।

**देर रात मची अफरा-तफरी, फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू**

सूचना मिलते ही दमकल की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। टीम ने करीब दो हजार लीटर पानी की मदद से एक घंटे तक कड़ी मशक्कत की, तब कहीं जाकर आग पर पूरी तरह काबू पाया जा सका। आगजनी से पीठे में रखी जलाऊ लकड़ी, बुरादा और अन्य कीमती सामान जलकर खाक हो गया। चूंकि जीएनटी मार्केट में लकड़ियों का बड़ा भंडार रहता है, इसलिए आग की खबर मिलते ही अन्य पीठा संचालकों और व्यवसायियों में हड़कंप मच गया। बड़ी संख्या में व्यापारी मौके पर पहुंच गए थे, उन्हें डर था कि कहीं आग पास के अन्य पीठों को अपनी चपेट में न ले ले। गनीमत रही कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया और कोई जनहानि नहीं हुई।

# अवैध ड्रग्स तस्करी में फरार आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर।** अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत क्राइम ब्रांच को एक और बड़ी सफलता मिली है। एमडी ड्रग्स तस्करी के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी हसन अली को पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया है। बीती 12 फरवरी को क्राइम ब्रांच की टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी कासिम खान को अवैध ड्रग्स के साथ पकड़ा था। कासिम से हुई पूछताछ के आधार पर पुलिस ने रिजवान अंसारी निवासी साउथ तोडा को गिरफ्तार किया। इन आरोपियों के पास से करीब 14 ग्राम अवैध मादक पदार्थ 'एमडी' जब्त की गई थी, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 1,40,000 रुपये आंकी गई है। रिजवान अंसारी से पूछताछ के दौरान पुलिस को तीसरे आरोपी हसन अली निवासी दौलतगंज के बारे में जानकारी मिली थी। आरोपी हसन अली घटना के बाद से ही लगातार फरार चल रहा था। क्राइम ब्रांच की टीम ने सटीक मुखबिरी और तकनीकी साक्ष्यों की मदद से उसे ट्रेस किया और अंततः उसे हिरासत में ले लिया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी हसन अली ने केवल 5वीं कक्षा तक शिक्षा प्राप्त की है और वह रिपेयरिंग का काम करता था। काम की आड़ में वह ड्रग्स तस्करी के इस अवैध नेटवर्क से जुड़ा हुआ था। क्राइम ब्रांच के अधिकारियों का कहना है कि आरोपी हसन अली से विस्तृत पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक पूछताछ में नशे के कारोबार से जुड़े कई अन्य संदिग्धों के नाम सामने आने की संभावना है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि यह ड्रग्स कहां से लाई जा रही थी और शहर में इसके मुख्य खरीदार कौन हैं।



# बातचीत बंद करने पर सिरफिरे ने युवती का हाथ पकड़ा, भाई को पीटा

**इंदौर।** हीरानगर थाना क्षेत्र में दोस्ती टूटने से नाराज एक सिरफिरे आशिक की गुंडागर्दी सामने आई है।पुलिस के मुताबिक आरोपी बबलेश दिवाकर निवासी गौरीनगर पिछले 3 साल से 22 वर्षीय युवती का दोस्त था, लेकिन युवती द्वारा बातचीत बंद करने पर वह उसका पीछा करने लगा। बीते दिन आरोपी युवती के घर के पास खड़ा था। जब भाई ने वहां खड़े होने का कारण पूछा, तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर जब युवती बाहर आई, तो आरोपी ने सरेराह बुरी नीयत से उसका हाथ पकड़ लिया और चिल्लाते हुए धमकी दी कि— 'तू मेरी ही रहेगी।' हीरानगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़, मारपीट और धमकाने की धाराओं में केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## कलयुगी बहू और पोते की बर्बरता

# सिगरेट मांगने पर 95 वर्षीय बुजुर्ग पर हमला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

देहात क्षेत्र में रिश्तों को तार-तार करने वाली एक घटना सामने आई है। सांवेर के ग्राम सोलसिंदा में एक 95 वर्षीय बुजुर्ग को महज सिगरेट मंगवाने की बात पर उनकी बहू और पोते ने मिलकर लहूलुहान कर दिया। आरोपियों ने बुजुर्ग के पेट में चाकू घोंपने की कोशिश की, लेकिन अपनी जान बचाने के लिए बुजुर्ग ने चाकू को हाथ से पकड़ लिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस के मुताबिक, घायल बुजुर्ग शिवजीराम (95) निवासी ग्राम सोलसिंदा काकड़ ने बताया कि बुधवार शाम करीब 7 बजे उन्होंने अपने बेटे विक्रम से सिगरेट लाने को कहा था। विक्रम ने जब अपने बेटे (बुजुर्ग के पोते) आयुष से गाड़ी की चाबी मांगी, तो वह भड़क गया। आयुष ने चाबी देने से मना कर दिया और अपने दादा को गालियां देने लगा। इसी बीच बुजुर्ग की बहू कला बाई भी वहां आ गई और बुजुर्ग को प्रताड़ित करने लगी। जब बुजुर्ग ने गाली-गलौज का विरोध किया, तो मां-बेटे ने मिलकर उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान पोते आयुष ने पास रखा सब्जी काटने वाला चाकू उठाया और दादा के पेट में मारने का प्रयास किया। शिवजीराम ने फुर्ती दिखाते हुए चाकू को अपनी हथेली से पकड़ लिया, जिससे उनकी हथेली गहराई तक कट गई और खून बहने लगा। मारपीट के दौरान बुजुर्ग के सिर और शरीर पर भी गंभीर चोटें आई हैं। हमले के बाद आरोपियों ने बुजुर्ग को धमकाया कि अगर वह दोबारा घर में दिखे, तो उन्हें जान से खत्म कर दिया जाएगा। घायल शिवजीराम ने किसी तरह अपने दामाद राजाराम को फोन किया, जिसके बाद परिजनों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। सांवेर पुलिस ने फरियादी शिवजीराम की रिपोर्ट पर आरोपी पोते आयुष और बहू कला के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।